दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 195
कोटद्वार बुधवार
16 नवम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## आईपीएल 2023: हैदराबाद ने कप्तान को बाहर किया, सीएसके ने ब्रावो को हटाकर चौंकाया

नई दिल्ली, एजेंसी। आईपीएल 2023 के लिए हर फ्रेंचाइजी ने रिटेन और रिलीज किए गए खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। कई फ्रेंचाइजियों ने चौकाने वाले फैसले लिए हैं और अपने कुछ अहम खिलाड़ियों को रिटेन नहीं किया गया। हर टीम से रिलीज किए गए खिलाड़ी इसी साल 23 दिसंबर को कोच्चि में होने वाले मिनी अक्शन में शामिल होंगे और उन पर फिर से बोली लगेगी। हालांकि, कुछ टीमों ने मिनी अक्शन से पहले ही ट्रेड विंडो के जरिए खिलाड़ियों का अदान-प्रदान कर लिया है और अब कई खिलाड़ियों की टीम बदल चुकी हैं। यहां हम हर टीम से रिलीज किए गए खिलाड़ियों के बारे में बता रहे हैं।



किस टीम के पास कितनी राशि

| टीम | पर्स में पैसे बचे (करोड़ रुपये) |
|---|---|
| मुंबई इंडियंस | 20.55 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 42.25 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 20.45 |
| पंजाब किंग्स | 32.2 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 7.05 |
| गुजरात टाइटंस | 19.25 |
| लखनऊ सुपर जाएंट्स | 23.35 |
| रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर | 8.75 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 19.45 |
| राजस्थान रॉयल्स | 13.2 |

**मुंबई इंडियंस** -मुंबई इंडियंसः कीरोन पोलार्ड, अनमोलप्रीत सिंह, आर्यन जुयाल, बासिल थम्पी, डेनियल सम्स, फैबियन एलेन, जयदेव उनादकट, मयंक मार्कंडे, मुरुगन अश्विन, राहुल बुद्धि, रिले मेरेडिथ, संजय यादव, टाइमल मिल्स।

**सनराइजर्स हैदराबादः** केन विलियम्सन, निकोलस पूरन, जगदीश सुचित, प्रियम गर्ग, रविकुमार समर्थ, रोमारियो शेफर्ड, सौरभ दुबे, सीन एबट, शशांक सिंह, श्रेयस गोपाल, सुशांत मिश्रा, विष्णु विनोद।

**चेन्नई सुपरकिंग्सः** ड्वेन ब्रावो, रबिन उथप्पा, एडम मिल्ने, हरि निशांत, क्रिस जर्डन, भगत वर्मा, केएम आसिफ, नारायण जगदीसन।

**पंजाब किंग्सः** मयंक अग्रवाल, ओडियन स्मिथ, वैभव अरोड़ा, बेनी हवेल, ईशान पोरेल, अंश पटेल, प्रेरक मांकड़, संदीप शर्मा, ऋतिक चटर्जी।

**कोलकाता नाइट राइडर्सः** पैट कमिंस, सैम बिलिंग्स, अमन खान, शिवम मावी, मोहम्मद नबी, चमिका करुणारत्ने, एरोन फिंच, एलेक्स हेल्स, अभिजीत तोमर, अजिंक्य रहाणे, अशोक शर्मा, बाबा इंद्रजीत, प्रथम सिंह, रमेश कुमार, रसिख सलाम, शेल्डन जैक्सन।

**गुजरात टाइटंसः** रहमानुल्लाह गुरबाज, लकी फर्ग्यूसन, डोमिनिक ड्रेक्स, गुरकीरत सिंह, जेसन रय, वरुण एरोन।

**लखनऊसुपर जाएंट्सः** एंड्रयू टाय, अंकित राजपूत, दुष्मंथा चमीरा, एविन लुईस, जेसन होल्डर, मनीष पांडे, शाहबाज नदीम।

**रयल चौलेंजर्स बैंगलोरः** जेसन बेहरेनडर्फ, अनीश्वर गौतम, चामा मिलिंद, लवनिथ सिसोदिया, शेरफेन रदरफोर्ड।

**राजस्थान रयल्सः** अनुनय सिंह, कर्बिन बश, डेरिल मिशेल, जेम्स नीशम, करुण नायर, नाथन कुल्टर-नाइल, रासी वान डर डुसेन, शुभम गढ़वाल, तेजस बरोका।

**दिल्ली कैपिटल्सः** शार्दुल ठाकुर, टिम सीफर्ट, अश्विन हेब्बर, श्रीकर भारत, मनदीप सिंह।

## पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बाली में मुलाकात, एक-दूसरे से मिलाया हाथ

**बाली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडोनेशिया के बाली में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो द्वारा आयोजित जी20 रात्रिभोज के दौरान हुई है। बता दें कि दोनों के बीच यह मुलाकात पहले से तय नहीं थी। पीएम मोदी और शी जिनपिंग ने एक दूसरे से हाथ मिलाया। पिछले दो वर्षों से भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर गतिरोध जारी है, और इस बीच दोनों नेताओं के बीच इस मुलाकात ने दुनिया भर का ध्यान आकर्षित किया है। बता दें कि जी 20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने वाले नेताओं के लिए इंडोनेशियाई राष्ट्रपति जोको विडोडो द्वारा आयोजित रात्रिभोज के दौरान यह मुलाकात हुई है। दोनों नेताओं के बीच मुलाकात की तस्वीरों में मोदी और जिनपिंग को एक-दूसरे से हाथ मिलाते हुए देखा जा सकता है। इंडोनेशिया के बाली में मंगलवार से शुरू हुए ग्रुप आफ 20 यानी कि जी 20 सम्मेलन से हटकर दोनों नेताओं के बीच संभावित द्विपक्षीय बैठक को लेकर कुछ अटकलें लगाई जा रही थीं। लेकिन दोनों पक्षों द्वारा अभी तक कोई मुलाकात के बारे में नहीं बताया गया है और ये मुलाकात भी पहले से तय नहीं थी।इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग सितंबर में समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में आमने-सामने आए थे। उस समय दोनों नेता पूर्वी लद्दाख में सीमा गतिरोध की शुरुआत के बाद पहली बार आमने सामने आए थे। हालांकि उस समय मोदी और जिनपिंग के बीच ऐसी मुलाकात की खबर नहीं आई थी।

## वकील की उत्तराखंड में प्रेक्टिस पर लगाई रोक

**देहरादून।** बार काउंसिल आफ उत्तराखंड ने बार एसोसिएशन देहरादून से जुड़े एक वकील के उत्तराखंड में प्रेक्टिस करने पर रोक लगा दी है। बार काउंसिल अफ उत्तराखंड के सदस्य सचिव एमएस कोरंगा ने यह आदेश जारी किया है। आदेश में कहा कि अधिवक्ता गुरमीत सिंह बार एसोसिएशन देहरादून के सदस्य हैं। यानि, वह उत्तराखंड बार काउंसिल में पंजीत हैं। अनुशासन समिति ने पाया कि उन्होंने बार काउंसिल अफ दिल्ली में भी पंजीकरण कराया हुआ है। ऐसे में उनकी उत्तराखंड बार काउंसिल से सदस्यता रद करते हुए उत्तराखंड के किसी भी कोर्ट, ट्रिब्यूनल या प्राधिकरण में प्रेक्टिस पर रोक लगाई गई है।

## उधमसिंहनगर और हरिद्वार के इनामी बदमाश गिरफ्तार

**देहरादून।** एसटीएफ उत्तराखंड ने उधमसिंहनगर जिले के 25 हजार और हरिद्वार जिले के दस हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। एक को पंजाब के तरनतारन जिले और दूसरे को हरिद्वार के भगवानपुर क्षेत्र से दबोचा गया है। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि उधमसिंहनगर जिले के गदरपुर थाने में एक जुलाई को दर्ज गोली मारकर जानलेवा हमले के केस में करणवीर सिंह संधू लगातार फरार चल रहा था। आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया।

## पटवारी निलंबित, कानूनगो का तबादला, एसडीएम पौड़ी को सौंपी जांच

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : लैंसडौन तहसील के ऑडियो लीक मामले में आखिरकार गाज गिर ही गई। लैंसडौन के उपजिलाधिकारी की रिपोर्ट के बाद जिलाधिकारी ने संबंधित पटवारी को निलंबित कर दिया जबकि कानूनगो का लैंसडौन से हटाते हुए धुमाकोट तहसील भेज दिया गया है। निलंबित पटवारी को तहसील मुख्यालय लैंसडौन से अटैच करने के आदेश दिए गए है। साथ ही पूरे मामले की जांच अब पौड़ी के एसडीएम को सौंपी गई बीते दिनों लैंसडौन तहसील का एक आडियो क्लिप वायरल हो गया था। जिसमें तीन हजार के लेन देन की बात सामने आई थी। आडियो के लीक होते ही जिलाधिकारी ने तभी मामले की जांच उपजिलाधिकारी लैंसडौन को देते हुए रिपोर्ट मांगी थी। इस मामले में एसडीएम लैंसडौन ने अपनी रिपोर्ट डीएम को सौंप दी है। हालांकि रिपोर्ट में किसी तरह के लेन-देन की पुष्टि नहीं की गई है। इस ऑडियो में दो पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत और त्रिवेंद्र सिंह रावत को लेकर भी अशोभनीय शब्दों का इस्तेमाल हुआ है। इसे कर्मचारी आचरण नियमावली के अनुकुल नहीं माना गया। पौड़ी के जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने बताया कि ऑडियो लीक मामले में कौडिया-4 में तैनात पटवारी वन्दना को निलंबित करते हुए तहसील मुख्यालय लैंसडौन अटैच कर दिया गया है। जबकि कानूनगो रमेश चंद्र का भी प्रशासानिक आधार पर तबादला धुमाकोट कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि जांच प्रभावित न हो इसके लिए यह कदम उठाया गया है। इस पूरे मामले की जांच अब एसडीएम पौड़ी आकाश जोशी को सौंपते हुए 15 दिन में रिपोर्ट देने को कहा गया है। डीएम ने कहा कि जांच रिपोर्ट के अनुसार ही आगे की कार्रवाई अमल में लाई

## गुजरात चुनाव पर भाजपा के चाणक्य की भविष्यवाणी

**अहमदाबाद, एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को इस बात पर विश्वास जताया कि अगले महीने होने जा रहे विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जीत हासिल करेगी।

शाह ने दावा किया कि भाजपा सभी रिकर्ड तोड़ेगी और बहुमत के साथ गुजरात में सरकार बनाएगी।

## अतिथि शिक्षकों के 2300 और बीआरपी एवं सीआरपी के रिक्त 950 पद शीघ्र भरे जाएं : मुख्यमंत्री

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री श्रपुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में विद्यालयी शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि अतिथि शिक्षकों के 2300 पद शीघ्र भरे

**◆हर जनपद में राजीव गांधी नवोदय विद्यालय की तर्ज पर की जाए आवासीय बालिका विद्यालयों की स्थापना◆विद्यालयों में आउटसोर्स के माध्यम से भरे जाए चतुर्थ श्रेणी के 3 हजार रिक्त पद**



जाएं। हर जनपद में राजीव गांधी नवोदय विद्यालय की तर्ज पर आवासीय बालिका विद्यालयों की स्थापना तथा विद्यालयों में आउटसोर्स के माध्यम से चतुर्थ श्रेणी के 3 हजार रिक्त पद भरने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त स्कूल भवनों अविलंब मरम्मत की जाए। राज्य के सभी सरकारी एवं अशासकीय स्कूलों में 9वीं से 12वीं कक्षा तक के सभी छात्र-छात्राओं को आने वाले शैक्षणिक सत्र में निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें दी जाए। कक्षा 1 से 8 वीं तक पहले से ही निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूलों में शिक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं में गुणात्मक सुधार के लिए आईएएस, आईपीएस एवं आईएफएस अधिकारी भी समय-समय पर स्कूलों की सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें। इसके लिए रोस्टर बनाया जाए। शिक्षा विभाग के अधिकारी भी नियमित स्कूलों में जाकर पठ्न-पाठन एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया जो पूर्ण हो चुकी है, उन्हें शीघ्र नियुक्ति दी जाए। अध्यापकों के मेडिकल एवं अध्यापिकाओं के मेडिकल, मैटरनिटी लीव एवं चाइल्ड केयर लीव के दौरान कक्षाएं बाधित न हो, इसके लिए स्कूलों में पढ़ाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था रखी जाए। प्रधानाचार्य, प्रवक्ता एवं सहायक अध्यापकों के जो पद रिक्त हैं, उनके जल्द ही आयोग को अधियाचन भेजे जाए। बीआरपी एवं सीआरपी के रिक्त पदों को भी जल्द भरा जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाए कि शिक्षकों का मेडिकल रिम्बर्समेंट एवं सेवानिवृत्त होने के बाद जीपीएफ भुगतान समय पर हो जाए। मुख्यमंत्री ने कहा की बीआरपी एवं सीआरपी के रिक्त 950 पद शीघ्र भरे जाएं। शिक्षा व्यवस्था की गतिविधियां एवं ट्रांसफर की व्यवस्था ऑनलाइन की जाय। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि विद्यालयों की परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स (पीजीआई) स्कोर से संबंधित यूडाइस पोर्टल में सभी डाटा अपडेट करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई भी की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवक्ता एवं वरिष्ठ प्रवक्ताओं के पद रिक्त चल रहे हैं, इन्हें जल्द भरना होगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं, कि वे नियमित स्कूलों का निरीक्षण करें। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव आर. मीनाक्षी सुन्दरम्, श्रविनाथ रमन, एस.एन. पाण्डेय, शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी, अपर सचिव योगेन्द्र यादव एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## घर में लगी आग, बुजुर्ग दंपत्ति की दर्दनाक मौत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : सोमवार देर रात पाबौ चौकी क्षेत्र के थापली गांव में एक घर में आग लग गई। जिससे घर में रह रहे बुजुर्ग दंपति बुरी तरह से झुलस गए और उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग घर पर अकेले रहते थे। खाना बनाने व आग सेंकने के दौरान घटना होने की आशंका जताई जा रही है।



पाबौ चौकी क्षेत्र के थापली गांव में एक मकान में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि दोनों बुजुर्ग बुरी तरह से झुलस गए। पाबौ चौकी इंचार्ज दीपक पंवार ने बताया कि ग्राम प्रधान थापली ने सूचना दी कि गांव में रह रहे एक बुजुर्ग दंपत्ति के घर में आग लग गई है। कहा कि सूचना पर फायर पुलिस को सूचना दी गई। साथ ही पाबौ चौकी से पूरी टीम मौके के लिए रवाना हुई। थापली गांव चौकी से करीब 30 से 35 किलोमीटर दूर है। दीपक पंवार ने कहा कि जब तक बचाव दल थापली गांव पहुंचा तब तक काफी देर हो चुकी थी। बचाव दल ने आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया। लेकिन आग बमुश्किल नियंत्रित हो पाई। उन्होंने बताया कि भवन लकड़ी और पठाल का होने के चलते आग काफी भड़क चुकी थी। घटना में भवन स्वामी 90 वर्षीय बंदूर लाल पुत्र गंभीर लाल व उनकी पत्नी 82 साल की गोदावरी देवी काफी झुलस चुके थे। बचाव दल ने दोनों को 108 एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्तपाल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार बुजुर्ग दंपति करीब 90 फीसदी झुलस चुके थे। जिससे उनकी मौत हो गई। चौकी प्रभारी दीपक पंवार ने बताया कि बुजुर्ग दंपत्ति अकेले रहते थे। दंपत्ति के तीन बच्चे थे कुछ साल पहले ही एक दुर्घटना में तीनों की मृत्यु हो गई थी।

## राज्यपाल ने दी राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर बधाई

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सभी पत्रकारों एवं मीडिया कर्मियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में मीडिया अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन कर रहा है, वहीं बदलते दौर के साथ इस क्षेत्र में नई चुनौतियां भी उनके समक्ष आई हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस देश में स्वतंत्र तथा उत्तरदायित्वपूर्ण प्रेस का प्रतीक है।

## हरीश रावत ने पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत व त्रिवेंद्र सिंह रावत की भ्रष्टाचार के प्रति चिंता पर उठाए सवाल



**देहरादून।** पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि यदि उत्तराखंड में लोकायुक्त होता तो भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की शिकायत उससे की जा सकती थी। पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत और पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा भ्रष्टाचार व कमीशनखोरी पर व्यक्त की गई चिंता पर रावत ने यह टिप्पणी की।

रावत ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने वर्ष 2016 में लोकायुक्त के गठन कर राज्यपाल को फाइल भेज दी गई थी। वह फाइल क्यों रोक दी गई, इसका जवाब तो तीरथ और त्रिवेंद्र को ही देना होगा। रावत ने सोशल मीडिया पेज पर संस्त के श्लोक और गढ़वाली में भी अपनी बात रखी। कहा कि, मैं प्रतिदिन कुछ कर्म करता हूं।

सफलता-असफलता, कर्म के स्वाभाविक परिणाम होते हैं। असफलता का बोझ मैं मन में नहीं रखता हूं। उसको असीम शक्ति वाले परमात्मा को समर्पित कर देता हूं। फिर परमात्मा मेरे कान पर धीरे-धीरे कहते हैं, कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि॥

आगे रावत ने कहा कि, म्यार दुईया टुट भुला तीरथ सिंह रावत ज्यू और माननीय त्रिवेंद्र सिंह रावत ज्यू, किलैं अब भ्रष्टाचारक बोझ असहनीय लागन फट गौ। हमरि सरकारल 2016 में विधिवत तौर पर लोकायुक्त का चयन कर राज्यपाल को अनुमोदनार्थ फाइल भेज दी थी। आखिर वह फाइल क्यों गवर्नर हाउस में ही दबी रह गई।

कहा कि इसका जवाब तो मेरे दुईया छुट भुला को भी देना ही पड़ेगा न! आज लोकायुक्त होता तो अपने मन में उपजे शोक का प्रायश्चित करने म्यार दुईया छुट भुला लोकायुक्त के पास जा सकते थे। भाजपा ने शायद तय किया है, न बांस होगा-न बांसुरी बजेगी।

## 10 सालों की सबसे बड़ी गौला नदी के जलस्तर में गिरावट

**हल्द्वानी।** सर्दियों में लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ सकता है। नदी में लगातार घटता जलस्तर इस ओर संकेत दे रहा है। नवंबर माह में गौला नदी के जलस्तर में बीते 10 सालों की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। इस साल नवंबर में अब तक गौला का अधिकतम जलस्तर 466 क्यूसेक दर्ज किया गया है। जो कि अन्य वर्षों के मुकाबले 150 क्यूसेक तक कम है।

स्थिति यह है कि सिंचाई विभाग को अभी से नहरों में पानी की रोस्टिंग करनी पड़ रही है। यही स्थिति रही कि आगामी दिनों में सिंचाई और पेयजल को



लेकर बड़ी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। विभागों के अधिकारी भी इस बात को लेकर चिंतित हैं। गौला नदी के पानी से ही शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में 60 : पेयजल की आपूर्ति की जाती है।

साथ ही किसान खेतों में सिंचाई के लिए गौला पर ही निर्भर रहते हैं। नवंबर माह में ही जलस्तर में आई कमी से सिंचाई का संकट खड़ा हो गया है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार आने वाले महीनों में जलस्तर में और कमी होने पर किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

नहरों के लिए रोज 360 क्यूसेक की जरूरतरू सिंचाई विभाग को नहरें चलाने के लिए 360 क्यूसेक पानी की जरूरत हर रोज होती है। इसके अलावा 30 क्यूसेक पानी रोजाना पेयजल के लिए जल संस्थान को दिया जाता है। ऐसे में हर रोज पहाड़ों से नदी में आने वाला सारा पानी गौला बैराज से ही गायब हो जा रहा है।

गौला नदी से क्षेत्र की चार प्रमुख नहरों से सिंचाई के लिए पानी छोड़ा जाता है। नदी का जलस्तर कम होने से नहरों में अभी से रोस्टिंग शुरू हो गई है। एक नहर को चौथे दिन पानी मिल पा रहा है। हल्द्वानी के साथ ही कालाढूंगी रोड, लालकुआं, रामपुर रोड व गौलापार क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था भी गौला नदी पर निर्भर है। किसानों को खेतों के लिए लगातार पानी की जरूरत रहती है।

मानसून के दौरान इस वर्ष कम हुई बारिश से नदी के जल स्तर में अंतर आया है। अभी रोस्टिंग के अनुसार सिंचाई के लिए पानी छोड़ा जा रहा है। आगे और जलस्तर कम हो सकता है।

**मनोज तिवारी, अपर सहायक अभियंता सिंचाई विभाग।**

# सीएम धामी ने किया फिक्की फोरम ऑफ पार्लियामेंटेरियन्स द्वारा जापानी दूतावास के सहयोग से आयोजित संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग





देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में फिक्की फोरम ऑफ पार्लियामेंटेरियन्स द्वारा जापानी दूतावास के सहयोग से आयोजित संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राज्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर एवं जापान और उत्तराखण्ड के बीच पार्टनरशिप को बढ़ाने के लिए चर्चा हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जापानी प्रतिनिधिमण्डल का जापानी भाषा से शुरूआत कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड भूकम्प एवं आपदा की दृष्टि से संवेदनशील राज्य है। आपदा प्रबंधन एवं भूकम्परोधी तकनीक के क्षेत्र में जापान राज्य को क्या सहयोग दे सकता है, इस दिशा में प्रयास किये जाएं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के लिए जापान से सहयोग लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में पर्यटन, कृषि, हॉर्टीकल्चर के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। इनको बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास भी किये जा रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों की वैल्यू एडिशन कर मार्केटिंग में जापान से किस प्रकार सहयोग लिया जा सकता है, इस ओर ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के स्थानीय कल्चर एवं सांस्कृतिक विरासत से संबंधित जानकारी एवं अन्य अध्ययन के लिए जापान से कोई भी प्रतिनिधिमंडल उत्तराखण्ड आना चाहते हैं, तो उनका देवभूमि उत्तराखण्ड में स्वागत है। राज्य द्वारा इसके लिए हर संभव सहयोग दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड योग, आयुष, वेलनेस टूरिज्म के क्षेत्र में अग्रणी राज्य है। इन क्षेत्रों में जापान को जो भी सहयोग की आवश्यकता होगी, वह दी जायेगी। इस अवसर पर सांसद एवं फिक्की फोरम ऑफ पार्लियामेंटेरियन्स के अध्यक्ष राजीव प्रताप रूडी, भारत जापान दूतावास के उप प्रमुख कुनिहिको कावाजू, फिक्की के डिप्टी सेक्रेटरी जनरल मनीष सिंघल, सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, बी.वी.आर.सी पुरूषोत्तम, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा आदि उपस्थित थे।

## मसूरी विस क्षेत्र में कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली

देहरादून। 'भारत जोड़ो यात्रा' के समर्थन में मंगलवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र में यात्रा निकाली गई। गढ़ी स्थित शहीद दुर्गामल्ल पार्क से किशननगर चौक तक प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की अगुवाई में यात्रा का आयोजन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का सीधा असर भारत में बढती हुई तानाशाही सरकार पर हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के कई नेता यात्रा की तारीफ कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस यात्रा का मकसद चुनाव जितना नहीं, बल्कि कांग्रेस संगठन को मजबूत करना है। साथ ही, यह भाजपा सरकार की नीति और नीयत से देश पर पड़ रहे कुप्रभाव का विरोध करना भी है। कार्यक्रम संयोजक प्रदेश महासचिव गोदावरी थापली ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को न केवल कांग्रेस समर्थकों का समर्थन मिल रहा है, बल्कि आम जनता भी यात्रा में शामिल हो रही है। जो न हमारे समर्थक हैं और न हमारी आलोचना करते हैं, वो भी जानना चाहते हैं कि भारत जोड़ो यात्रा क्या है। महानगर कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी ने कहा कि कांग्रेस के घटक दल भारत जोड़ो यात्रा को समर्थन कर रहे हैं। यात्रा में विधायक ममता राकेश, महानगर प्रभारी राजवीर चौहान, प्रदेश प्रवक्ता गरिमा दसौनी, प्रदेश महामंत्री उपेन्द्र थापली, पीके अग्रवाल, नवीन जोशी अनिल नेगी, अशोक खंडूड़ी, महेश चंद, अनिल बस्नेत, प्रदीप डोभाल, राजेन्द्र धवन, दुर्गा राई, नागेन्द्र उनियाल, सुरेन्द्र रावत, गोविन्द आदि उपस्थित रहे।

### जगजीत अध्यक्ष और प्रेम बनें उपाध्यक्ष

नई टिहरी : हिमालय पर्यटन संगठन नई टिहरी की वार्षिक बैठक इंडियन गैस दफ्तर बौराड़ी के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक के बाद कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में जगजीत सिंह नेगी अध्यक्ष, प्रेम सिंह कुमाईं उपाध्यक्ष, महेश चंद्र बडोनी सचिव, भगवान चंद रमोला उप सचिव, राजेंद्र अग्रवाल संप्रेक्षक, कमल सिंह महर और जगदंबा प्रसाद डबराल को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया। संगठन के अध्यक्ष ने बताया कि बैठक में चार प्रस्ताव पास किए गए, जिसमें टिहरी को पर्यटन हब बनाने के लिए मास्टर प्लान तैयार करने, वार्षिक पर्यटन यात्रा का विवरण के साथ यात्रा मार्ग निर्धारित करने, टिहरी बांध झील कोटी कॉलोनी से बौराड़ी स्थित गुरुद्वारा तक रज्जू मार्ग का प्रस्ताव पर्यटन विभाग को भेजने, झील के चारों ओर रिंग रोड निर्माण करने तथा नई टिहरी से कोटी कॉलोनी, नैल जलेड़ी, पिकनिक स्पॉट से घोनाबागी तक पैदल ट्रैक तैयार करने का प्रस्ताव पास कर शासन को भेजने का निर्णय लिया गया। (एजेन्सी)

## आदिवासी नेता विरसा मुंडा के संघर्षों को याद किया




रुद्रप्रयाग : अखिल भारतीय किसान सभा ने आदिवासी नेता विरसा मुंडा की 147वीं जयंती पर ऊखीमठ एवं बसुकेदार में कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान मुंडा के संघर्षों को याद किया गया। कहा कि एक गरीब किसान के घर पैदा होने के बाद भी विरसा मुंडा ने एक बड़े आदिवासी आंदोलन का नेतृत्व किया और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में महत्वपूर्ण व्यक्ति बने।

ऊखीमठ बस अड्डे में अखिल भारतीय किसान सभा जिला काउंसिल रुद्रप्रयाग द्वारा किसान आदिवासी नेता विरसा मुंडा की जयंती पर जनसभा आयोजित की गई। इस मौके पर प्रांतीय महामंत्री गंगाधर नौटियाल ने कहा कि विरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को छोटे गरीब किसान के परिवार में हुआ था। उन्होंने 19वीं शताब्दी के अंत में एक आदिवासी आंदोलन का नेतृत्व किया जिस कारण वह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गए थे। क्रांतिकारी विरसा मुंडा ने रानी का शासन खत्म कर हमारा साम्राज्य स्थापित करने की मांग को लेकर अंग्रेजो के खिलाफ आंदोलन किया। सरकार ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया जहां 9 जून 1900 को उनकी जेल में ही उनकी मृत्यु हो गई। इसलिए अखिल भारतीय किसान सभा ने पूरे देश में उनकी 147वीं जयंती पर झंडा दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि किसान सभा का 35वां अखिल भारतीय सम्मेलन 16 से 19 दिसंबर तक केरल के कन्नूर में आयोजित होगा। इसका प्रचार प्रसार कर विरसा मुंडा के संघर्षा को जनता के बीच लाया जाएगा। इस मौके पर किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजाराम सेमवाल, सीटू के जिला महामंत्री वीरेंद्र गोस्वामी, किसान सभा के जिला अध्यक्ष अषाढ़ सिंह धिरवाण, जिला सह सचिव दौलत सिंह रावत, सुंदर सिंह राणा, इंद्र लाल, रमेश लाल, दयाल सिंह, पीतांबर दत्त उनियाल, भगत सिंह पंवार, कुंवर लाल, अशोक, प्रताप नेगी आदि मौजूद थे।

### पलटन बाजार में जल्द हो दुकानों का सौंदर्यीकरण

देहरादून। महानगर कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनील कुमार बांगा और अन्य व्यापारियों ने पलटन बाजार में फसाड योजना के तहत प्रस्तावित दुकानों के छज्जे बनाने का काम शुरू करने की मांग की है। उनका कहना है कि तीन साल से व्यापारियों को दुकानों के सौंदर्यीकरण को लेकर आश्वासन ही दिए जा रहे हैं। जबकि धरातल पर काम की रफ्तार बहुत धीमी है। व्यापारी शेखर कपूर, मोहित भाटिया, सोनू, अजीत सिंह, सुरेश गुप्ता, मनोज कुमार, अरुण कोहली, राहुल कुमार, चमन लाल, रोहित कपूर, राजेंद्र सिंह नेगी आदि ने सीईओ स्मार्ट सिटी व जिलाधिकारी सोनिका से काम शुरू करवाने की मांग की है।

### कर्मठ कार्यकर्ताओं की बदौलत ही भाजपा उभर उठीः राणा

ऋषिकेश। श्यामपुर मंडल के भाजपाइयों ने नवनियुक्त ऋषिकेश जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा को सम्मानित किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। मंगलवार को रायवाला में श्यामपुर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में नवनियुक्त भाजपा के ऋषिकेश जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा का स्वागत किया गया। रविंद्र राणा ने कहा कि कर्मठ कार्यकर्ताओं की बदौलत ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है। पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं का अनुभव और युवा कार्यकर्ताओं की ऊर्जा को साथ लेकर चलने से ही पार्टी नई उंचाइयों को छू सकेगी।

भाजपा का कार्यकर्ता 365 दिन कार्य करने वाली पार्टी का कार्यकर्ता है। तभी हमारी पार्टी आज सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर कर सामने आई है। उन्होंने सभी को एकजुट होकर कार्य करने के लिए कहा। मौके पर मंडल अध्यक्ष गणेश रावत, मंडल महामंत्री रवि शर्मा, भूपेंद्र रावत, ऋषिकेश व्यापार मंडल के महामंत्री प्रतीक कालिया,आयुष रावत, चंद्रकांता बेलवाल, हरपाल राणा, अनीता राणा, सुशीला नेगी, दिनेश पयाल, बलविंदर सिंह, भगवान सिंह मेहर आदि उपस्थित रहे।

## कैबिनेट मंत्री जोशी ने की मसूरी विन्टरलाईन महोत्सव की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के सम्बन्ध बैठक



देहरादून। माननीय कैबिनेट मंत्री उत्तराखण्ड सरकार/ स्थानीय विधायक मसूरी गणेश जोशी ने अपने शिविर कार्यालय (आवास) पर मसूरी में आयोजित होने वाले विन्टरलाईन महोत्सव की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के सम्बन्ध बैठक लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों एवं आयोजन से सम्बन्धित संस्थाओं के प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा– निर्देश दिए। माननीय मंत्री ने विन्टरलाईन महोत्सव के दौरान सभी प्रकार की तैयारियो को व्यवस्थित ढंग से करने तथा वृह्द्ध स्तर पर महोत्सव का प्रचार–प्रसार किए जाने के निर्देश को दिये। उन्होंने कार्निवाल में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम की श्रृखलाओं में सफाई कैम्पन भी चलाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रमों में स्थानीय कला, संस्कृति, परम्परा को बाहरी पर्यटकों से रूबरू कराने के साथ ही स्थानीय कलाकारों को अधिक से अधिक मौका देने को कहा ताकि जो उभरते हुए कलाकार है वे भी अपने हुनर का प्रदर्शन कर सकें।

माननीय मंत्री ने कार्यक्रम में अपनी बोली भाषा एवं परिधानों,स्थनीय उत्पादों से देश/विदेश से आए पर्यटकों को रूबरू कराने की अपेक्षा की। माननीय मंत्री ने विन्टरलाईन महोत्सव के दौरान यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था ठीक बनाए रखने के तथा निर्धारित पार्किंग पर ही वाहनो को पार्क करवाने निर्देश दिए साथ ही कार्निवाल के दौरान पार्किंग स्थल निर्धारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने दिन की गतिविधि एवं प्रस्तुतियों हेतु खुला स्टेज बनाकर दिन के कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए ताकि आने वाले पर्यटकों का मनोरंजन के साथ ही कलाकारों को अपना हुनर दिखाने का अवसर मिल सके। बैठक में जिलाधिकारी सोनिका ने माननीय मंत्री को जानकारी देते हुए बताया की विन्टरलाईन कार्निवाल की विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु टैडरिंग प्रकिया गतिमान है तथा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा रही है कार्यक्रम की श्रृखलाओं में स्थानीय पारम्परिक कला ,संस्कृति के साथ ही अन्य राज्यों के लोक कलाकारों को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में आयोजित किए जाने वाले विन्टरलाईन महोत्सव मसूरी के दौरान अलग–अलग स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ,जिनमें दिन के कार्यक्रम के साथ की रात्रि में मनोरंजक संगीतमय प्रस्तुति आदि कार्यक्रम शामिल होंगे। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए आयोजन के सम्बन्ध में माननीय मंत्री जी द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए व्यवस्था बनाएं। बैठक जिलाधिकारी सोनिका मसूरी नगरपलिका का अध्यक्ष अनुज गुप्ता , अपर जिलाधिकारी के.के मिश्रा,पुलिस अधीक्षक अपराध मिथिलेश सिंह ,जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल जिला पर्यटक अधिकारी जें.एस चैहान , मुख्य काषाधिकारी शेमिल चैधरी सहित उत्तराखण्ड होटल एसोशिएसन के अधयक्ष संदीप साहनी ,व्यापार संघ के अधयक्ष रजत अग्रवाल, मसूरी होटल एसोशिएसन के अधयक्ष संजय अग्रवाल , मोहन पंवार , सतीश ढौडियाल , सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

## जनजातीय गौरव दिवस: सीएम धामी ने किया जनजातीय समुदायों की शोभा यात्रा का फ्लैग ऑफ



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से जनजातीय समुदायों की शोभा यात्रा का फ्लैग ऑफ किया। भगवान बिरसा मुण्डा जी की जयंती के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर उत्तराखण्ड राज्य की जनजातियों के लोगों ने शोभायात्रा निकाली। इस अवसर पर मुख्यमत्री ने भगवान बिरसा मुण्डा जी के स्वतन्त्रता संग्राम मे योगदान को याद करते हुए उन्हे नमन किया तथा सभी को जनजातीय गौरव दिवस पर सभी को बधाई दी।

### अंकिता के हत्यारों को फांसी की सजा दिलाने के लिए आज से आमरण अनशन

ऋषिकेश। अंकिता हत्याकांड को लेकर क्षेत्रवासियों का आक्रोश कम नहीं हो रहा है। युवा न्याय संघर्ष समिति अंकिता को न्याय दिलाने और हत्यारों को फांसी की सजा दिलाने के लिए बुधवार से आमरण अनशन शुरू करेगी। मंगलवार को युवा न्याय संघर्ष समिति ने कोयल घाटी में 34वें दिन भी धरना दिया।

समिति अध्यक्ष संजय सिल्सवाल ने कहा कि समिति का आंदोलन चले एक माह से अधिक समय हो चुका है। लेकिन सरकार कोई सुध नहीं ले रही है। ऐसे में उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी के हत्यारों को फांसी दिलाने के लिए बुधवार से आमरण अनशन किया जाएगा।

## प्राकृतिक चिकित्सा दिवस पर निकाली रैली



ऋषिकेश। सूर्य फाउंडेशन एवं इंटरनेशनल न्यूरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन ने प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में रैली निकाली। रैली के जरिए छात्र–छात्राओं ने लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा प्रणाली को अपनाने के लिए जागरूक किया। मंगलवार को सूर्य फाउंडेशन एवं इंटरनेशनल न्यूरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन सामाजिक संस्था ने प्राकृतिक चिकित्सा दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली में सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल और आर्य कन्या इंटर कॉलेज के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। डोईवाला चौक से शुरू हुई रैली दून रोड, तहसील रोड से होते हुए आर्य कन्या इंटर कॉलेज में पहुंचकर संपन्न हुई। रैली के जरिए लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति जागरूक किया गया। सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल डोईवाला के अध्यक्ष ईश्वर चंद अग्रवाल ने कहा कि प्रकृति से प्राप्त चीजों का उपयोग कर हम स्वस्थ्य रह सकते हैं। हमें हर्बल मेडिसिन प्रकृति देती है। प्रदूषण से मुक्ति पाने के लिए हमें प्राकृतिक चिकित्सा को अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए। राज्य सह संयोजक आईएनओ आचार्य भूपेंद्र ने कहा कि प्राकृतिक उपचार एवं संयमित खानपान से ही व्यक्ति का उपचार संभव है।

## विवि परिसर के लिए धनराशि स्वीकृति होने पर जताया आभार



ऋषिकेश। श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश के प्राचार्य डॉ. महावीर सिंह रावत ने मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल से मुलाकात की। उन्होंने विवि परिसर के लिए 25 करोड़ रुपये की स्वीकृति के लिए मंत्री का आभार जताया।

मंगलवार को श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश के प्राचार्य डॉ. महावीर सिंह रावत बैराज रोड स्थित मंत्री के कैम्प कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल से मुलाकात कर आभार जताया। कहा कि ऋषिकेश स्थित श्रीदेव सुमन विवि परिसर के लिए 25 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, इससे परिसर में शिक्षण प्रणाली को गति मिलेगी। मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से स्वीकृत धनराशि की प्रथम किश्त के रूप में पांच करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। इस धनराशि से विवि परिसर में अध्ययनरत छात्रों के लिए विशाल शैक्षणिक भवन, परीक्षा भवन और बृहद स्तर की प्रयोगशाला का निर्माण होगा।

### डोईवाला तहसील दिवस पर 17 शिकायतें दर्ज

ऋषिकेश। तहसील दिवस पर डोईवाला एसडीएम ने जनसमस्याएं सुनीं। इसमें 17 लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज करवाईं। इनमें से पांच समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। मंगलवार को डोईवाला तहसील में तहसील दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में एसडीएम युक्ता मिश्रा ने क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं। स्थानीय निवासी रितिक अग्रवाल ने कहा कि सुसवा और सौंग नदी के किनारे अवैध खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है। इससे बरसात के समय नदी किनारे के खेत और जमीन में भूस्खलन हो रहा है।

## मुख्यमंत्री धामी ने प्रतिभाओं को सम्मानित किया

चमोली : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खेल प्रतिभा मानसी नेगी के परिश्रम को न सिर्फ पहचाना, बल्कि सराहते हुए सम्मानित और पुरस्कृत भी किया है।

मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में 37वें नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 10 किमी वाक रेस में नेशनल रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाली मानसी नेगी और एथलीट सूरज पंवार ने सीएम पुष्कर धामी से भेंट की।

मुख्यमंत्री ने दोनों एथिलीट को एक–एक लाख रुपये की धनराशि देने की घोषणा की। खेल विभाग की नियमावली के मानकों के अनुसार पदक जीतने पर जो धनराशि दी जाती है, इन दोनों खिलाड़ियों को वह धनराशि भी दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने दोनों एथलीट को आगामी खेलों की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आगे भी राज्य सरकार द्वारा ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ियों को हर संभव मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने दोनों एथलीट के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर उप क्रीड़ा अधिकारी और दोनों खिलाड़ियों के कोच अनूप बिष्ट और मनीष बिष्ट मौजूद थे। (एजेन्सी)

# परीक्षा परिणाम पर फूटा गुस्सा, बंद करवाई कक्षाएं

◆महाविद्यालय के अधिकांश विद्यार्थियों को फेल करने पर जताया रोष
◆आक्रोशित विद्यार्थियों ने अनिश्चित काल के लिए बंद करवाई कक्षाएं



कोटद्वार के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कक्षाएं बंद करवाने पहुंचे छात्र नेता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** बीए, बीएससी, बीकॉम की परीक्षाओं में अधिकांश विद्यार्थियों को फेल करने पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के छात्रों का गुस्सा भड़क उठा। उन्होंने श्री देव सुमन विश्व विद्यालय के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय में चल रही कक्षाओं को अनिश्चितकाल के लिए बंद करवाया। कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मंगलवार को छात्र नेताओं ने महाविद्यालय कोटद्वार में श्री देव सुमन विश्व विद्यालय के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके बाद छात्र नेता महाविद्यालय में चल रही कक्षाओं में पहुंचे और उन्हें बंद करवाया।

छात्र नेता हिमांशु बहुखंडी ने बताया कि अगस्त माह में बीए, बीकाम व बीएससी की परीक्षा आयोजित की गई थी। कुछ दिन पूर्व ही जारी हुए परीक्षा परिणाम में अधिकांश विद्यार्थियों को फेल किया गया है।

यही नहीं कुछ विद्यार्थियों को शून्य अंक भी दिए गए हैं। जबकि, विद्यार्थियों ने परीक्षाओं को लेकर पूरी तैयारी की थी। ऐसे में विश्व विद्यालय विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। कहा कि विश्वविद्यालय की यह लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विद्यार्थियों ने दोबारा से उनकी कापी की जांच करवाने की मांग की है। कहा कि यदि जल्द इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो छात्र एकजुट होकर आंदोलन करेंगे। इस मौके पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष विजय रावत, अमनदीप, मनोज मैंदोला, मंदीप, शिवानी, विकास आदि मौजूद रहे।

## विद्या भारती शिक्षा के क्षेत्र में निभा रही अग्रणी भूमिका

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**श्रीनगर** : संकुल पौड़ी के सरस्वती विद्या मंदिरों के आचार्यों का प्रशिक्षण वर्ग सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मढ़ी चौरास में आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रदेश के शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि विद्या भारती के स्कूल संपूर्ण देश में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने इसके लिए विद्या भारती की सराहना की। इससे पूर्व उदघाटन सत्र में संभाग निरीक्षक पौड़ी भगवती प्रसाद चमोला ने अपना संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता के लिए आचार्यों का प्रशिक्षण वर्ग जरूरी है। मौके पर जिला संघ चालक देवानंद, विभाग प्रचारक चंद्रशेखर, गणित के प्रो. डीएस नेगी, प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती, संजय मंमगाई, मुकेश मैठाणी, जनार्दन प्रसाद डबराल, गोपाल सिंह नेगी, नीजर ध्यानी, अखिलेश शुक्ला आदि मौजूद रहे। प्रशिक्षण वर्ग में 8 विद्यालयों के 40 आचार्यों ने प्रतिभाग किया।

# रंगोली प्रतियोगिता में निशा व ज्योति रहे प्रथम

## राजकीय इंटर कॉलेज जयदेवपुर में आयोजित किया गया कार्यक्रम



कोटद्वार के जयदेवपुर स्थित इंटर कालेज में रंगोली बनाती छात्राएं।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** राजकीय इंटर कॉलेज जयदेवपुर में बाल दिवस पर रंगोली व म्यूजिकल प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता में छात्रा निशा व ज्योति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बाल दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान गृह परीक्षाओं में अव्वल अंक पाने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय में आयोजित रंगोली व म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में दस से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के शिक्षक राजीव शर्मा ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता में निशा व ज्योति ने प्रथम, मोहिनी, सौम्या, ज्योति व नताशा ने द्वितीय व कीर्ति, शालिनी, बीना, सोनिया व दक्षिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता जया कुकरेती, कल्पेश्वरी बलोदी शुधा वर्मा, दीवान सिंह रावत, के मार्ग दर्शन में हुई। म्यूजिकल प्रतियोगिता की जूनियर बालिक वर्ग में प्रतिभा, बालक वर्ग में सुजल, सीनियर बालिका वर्ग में सौम्या, बालक वर्ग में अनीस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# शहर की समस्याओं जल्द करे निराकरण

## पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**कोटद्वारः** शहर में व्याप्त विभिन्न समस्याओं पर पूर्व-सैनिक सेवा परिषद का गुस्सा भड़क उठा। उन्होंने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

मंगलवार को पूर्व सैनिकों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। बताया कि नगर निगम बनने के बाद शहरवासियों को बेहतर विकास की उम्मीद थी। लेकिन, नगर निगम शहर में सफाई व्यवस्था भी नहीं सुधार पा रहा है। हालत यह है कि वार्डों में जगह–जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। दुर्गंध के कारण शहरवासियों को संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने शहर में लगातार बढ़ रही आवारा पशुओं की संख्या पर भी नाराजगी व्यक्त की। कहा कि लाखों की लागत से काशीरामपुर तल्ला में बनाई गई नगर निगम की गोशाला केवल सफेद हाथी बनकर रह गई है। पूर्व में शिकायत के बाद भी अब तक गोवंशों को गोशाला में शिफ्ट नहीं किया गया। नतीजा गोवंश आए दिन राहगिरों को चोटिल कर रहे हैं। पूर्व सैनिकों ने जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। इस मौके पर परिसद के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल, सीपी डोबरियाल, अनूप सिंह, सुभाष कुकरेती, बलवान सिंह रावत, सुरेश रावत, उमेद सिंह चौधरी, वीरेंद्र सिंह रावत, महेंद्र पाल सिंह रावत, संजय असवाल आदि मौजूद रहे।

# घरों में आ रहा दूषित पानी, वार्डवासियों ने जताया रोष

## कुंभीचौड़ व विशनपुर क्षेत्र में हो रही गंदे पानी की अपूर्ति, शिकायत के बाद भी समस्या का नहीं हो रहा निराकरण



कुछ इस तरह हो रही घरों में दूषित पानी की आपूर्ति ।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत कुंभीचौड़ व विशनपुर के लोग पिछले लंबे समय से गंदे पानी की आपूर्ति से जूझ रहे हैं। शिकायत के बाद भी जल संस्थान समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा। आक्रोशित वार्डवासियों ने जल्द समस्या का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। कहा कि वार्डवासियों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कुंभीचौड़ व विशनपुर क्षेत्र में रहने वाले दो हजार से अधिक परिवारों को जल संस्थान की ओर से पेयजल उपलब्ध करवाया जाता है। लेकिन, पिछले लंबे समय से वार्डवासी दूषित पेयजल आपूर्ति से जूझ रहे हैं। घरों में हो रही गंदे पानी की आपूर्ति से वार्डवासियों की दिनचर्चा भी प्रभावित होने लगी है। सबसे अधिक परेशानी अकेले रहने वाले बुजुर्ग लोगों को हो रही है। वार्डवासी महानंद ध्यानी, वचस्पति बहुखंडी, रजनी देवी ने बताया कि घरों में आने वाला पानी इतना गंदा है कि इसका किसी भी कार्य में उपयोग नहीं कर सकते। कई बार तो पानी में कीड़े भी आ रहे हैं। लंबे समय से समस्या झेल रहे वार्डवासियों को पानी की तलाश में इधर–उधर भटकना पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी जल संस्थान समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा। कहा कि यदि जल्द समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो सभी वार्डवासी जल संस्थान कार्यालय में पहुंचकर प्रदर्शन करेंगे। वार्डवासियों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं होगी।

## भाषण में बजरंग प्रथम तो प्राची रही द्वितीय

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**श्रीनगर** : गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर में बायोकेमिस्ट्री विभाग में बिरसा मुंडा का जन्मदिन जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर विभाग की अध्यक्ष डा. मनीषा निगम ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि बिरसा मुंडा के योगदान से सीख लेने की जरूरत है। कार्यक्रम संयोजिका डा. निशा सिंह ने कहा कि आदिवासियों और जनजातियों ने भारत की स्वतंत्रता में बहुत बड़ा योगदान दिया है। इस मौके पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में बजरंग ने प्रथम और प्राची ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर गणित विभाग के डा. अशोक कुमार, डा. विनित कुमार मौर्य, डा. निवेदिता रावत, मनोज कुमार, अंजलि गुसाईं आदि मौजूद रहे।

# विस अध्यक्ष के खिलाफ धरने पर बैठे प्रताप

## लोकनिर्माण विभाग के ग्रेस्ट हाउस में कार्यालय बनाने का विरोध



कोटद्वार में पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में धरने पर बैठक धीरेंद्र प्रताप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण की ओर से लोकनिर्माण विभाग को अपना कैंप कार्यालय बनाए जाने पर कांग्रेस नेता धीरेंद्र प्रताप ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि विस अध्यक्ष सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने गेस्ट हाउस में एक घंटे का धरना देते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की।

मंगलवार को कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप मालगोदाम रोड स्थित लोकनिर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में पत्रकारों से वार्ता करने पहुंचे। इस दौरान गेस्ट हाउस के प्रवेश द्वार पर उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ एक घंटे का धरना दिया। बताया कि विधानसभा अध्यक्ष ने गेस्ट हाउस को अपना कार्यालय बना दिया है। ऐसे में यहां आने वाले अन्य लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए। कहा कि प्रदेश की सत्ता में बैठी भाजपा आमजन का शोषण कर रही है। प्रदेश में लगातार भष्टाचार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने भारत जोड़ों यात्रा को भाजपा के लिए खतरे की घंटी बताया। कहा कि देश की जनता भारत जोड़ों यात्रा को अपना समर्थन दे रही है। इस मौके पर कोटद्वार नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय मित्तल, जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अमित राज सिंह आदि मौजूद रहे।

## क्यार्क–बमडी सड़क के डामरीकरण की उम्मीद जगी

**पौड़ी** : क्यार्क-बमडी-औणी-असनौली-खंडाह मोटरमार्ग का डामरीकरण की उम्मीद जगी है। उक्त मोटर मार्ग के खस्ता हाल को लेकर विधायक पौड़ी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है। विधायक ने कहा कि जल्द ही क्यार्क से बमडी तक करीब 4 किलोमीटर सड़क का डामरीकरण किया जाएगा। बीते लंबे समय से यह मोटरमार्ग खस्ता हाल है। इस पर आवाजाही को लेकर परेशानियां हो रही है। बरसात के समय मार्ग दुर्घटनाओं को भी न्यौता देता है। कई बार इस पर हादसे भी हो चुके है। पौड़ी के विधायक राजकुमार पोरी क्यार्क गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा श्रवण के लिए पहुंचे थे। यहां राकेश तिवारी, ब्रिजेश तिवारी और नृपेश तिवारी सहित अन्य ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर क्यार्क-बमडी सड़क पर डामरीकरण को लेकर भी चर्चा हुई। ग्रामीणों ने बताया कि पूरी सड़क ठीक है लेकिन करीब 4 किलोमीटर सड़क पर डामरीकरण नहीं होने से यहां गड्ढे हो गए है। जिसके कारण इस पर दोपहिया से लेकर चार पहिया वाहनों की आवाजाही में काफी परेशानियां हो रही है। मार्ग को लेकर कई बार उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराया गया लेकिन समस्या हल नहीं हो सकी। मौके पर पौड़ी के विधायक राजकुमार पोरी ने सड़क के डामरीकरण को प्राथमिकता से करवाने का आश्वासन दिया।

# कल्याण सिंह बने कार्यकारी जिलाध्यक्ष

## सक्षम की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम



सक्षम की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** समदृष्टि क्षमता विकास एंव अनुसंधान मंडल सक्षम के जिला इकाई अधिवेशन मे कल्याण सिंह को कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस दौरान सदस्यों ने दिव्यांगों की मदद के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

सक्षम की जिला इकाई पौड़ी गढ़वाल का जिला अधिवेशन भाबर क्षेत्र के मोटाढांक स्थित बाल भारती इंटरमीडिएट कालेज के सभागार में आयोजित किया गया। इस दौरान कल्याण सिंह को कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया।कार्यक्रम का आरंभ सक्षम के प्रान्त सचिव कपिल रतूड़ी ने संगठन सूक्तम से किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों और संगठन के पदाधिकारियों ने मां भारती और सूरदास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। अधिवेशन के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि समाजसेवी सत्य प्रकाश थपलियाल ने कहा कि सेवाभाव से किया गया कार्य मनुष्य के लिए मोक्ष का द्वार खोल देता है, इसलिये सभी को सेवा कार्य जरूर करने चाहिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा ईश्वरीय कार्य है और सक्षम इस कार्य को अच्छी तरह से संपादित कर रहा है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला संघ चालक विष्णु अग्रवाल ने कहा कि कोटद्वार क्षेत्र में विगत वर्षों में सक्षम की गतिविधियों से निर्बल जनों को सहयोग प्राप्त हुआ है। विशिष्ट अतिथि मंडी समिति अध्यक्ष सुमन कोटनाला ने कहा कि संस्था समय–समय पर दिव्यांगजनों के लिये विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करती रहती है, जिससे उनको लाभ पहुंचता है। इस दौरान 62 दिव्यांगजनों को गर्म स्वेटर वितरित किए गए जबकि 3 दिव्यांगजनों को बैशाखी भेंट की गई। अधिवेशन के दूसरे सत्र में प्रान्त अध्यक्ष ललित पन्त ने कल्याण सिंह बिष्ट को जिला कार्यकारी अध्यक्ष, नितिन दिवाकर को नगर युवा प्रमुख, अजिता रावत को सविता प्रकोष्ठ प्रमुख, मधु नेगी को प्राणदा प्रकोष्ठ और अनिता कण्डारी को दृष्टिबाधित प्रमुख नियुक्त किया। कार्यक्रम में सक्षम संरक्षक गिरिराज सिंह रावत, कर्नल बीबी ध्यानी, जिला प्रचारक राहुल, जिला कार्यवाह सन्दीप उनियाल, जिला सम्पर्क प्रमुख मनीराम शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, अमित भारद्वाज, प्रकाश कोठारी, नंदकिशोर ढौंडियाल, सिमरन बिष्ट और प्रशांत कुकरेती सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बिरसा मुंडा के योगदान को किया याद

## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित किया गया कार्यक्रम



राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी ।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार।** क्रांतिकारी बिरसा मुंडा का जन्म दिवस गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के शिक्षक व विद्यार्थियों ने बिरसा मुंडा के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

मंगलवार को महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य महंत मौर्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने स्वयं सेविकों को बिरसा मुंडा के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान की जानकारी दी। कहा कि देश हित में दिए गए बिरसा मुंडा के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। बिरसा मुंडा ने आदिवासियों को एकजुट कर अंग्रेजों के तोप व बंदूकों का जवाब तीर कमान से दिया था। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा. एसके गुप्ता ने स्वयंसेवकों को विरसा मुंडा के द्वारा किए गए कार्यों को जानकारी दी। कहा कि विद्यार्थियों को महापुरुषों के जीवन पर लिखी पुस्तकों का अध्यन करना चाहिए । कार्यक्रम अधिकारी डा.सरिता चौहान ने बिरसा मुंडा के बारे में बताते हुए कहा कि वे राष्ट्रीय चेतना के प्रबल संवाहक तथा स्वतंत्रता आंदोलन के वीर योद्धा थे।

# भारत की स्वतंत्रता में जनजातियों, आदिवासियों का अहम योगदान : प्रो. नेगी

**पौड़ी** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के बिड़ला परिसर में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. एमएस नेगी ने कहा कि देश के आदिवासियों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, धरोहर और उनके द्वारा राष्ट्र के निर्माण में दिए गए योगदान को आज याद करने का दिन है। कहा भारत की स्वतंत्रता में जनजातियों, आदिवासियों का अहम योगदान है।

एसीएल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के एसोसिएट प्रो. डॉ. देवेंद्र सिंह ने कहा कि जनजातीय समाज के बारे में और अधिक जानने की जरूरत है। राजनीतिक विज्ञान विभाग के डा. राकेश नेगी ने कहा कि बिरसा मुंडा के योगदान से सीख लेने की जरूरत है तभी हम अपने समाज के लिए कुछ योगदान कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि जनजातीय लोग आज भी बिरसा मुंडा को अपना भगवान मानते है उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित आयोजित भाषण प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय सेमेस्टर की हिमांशी नौटियाल ने प्रथम, बीएससी तृतीय सेमेस्टर प्रियंका खत्री ने द्वितीय और बीएससी तृतीय सेमेस्टर के गणेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर कार्यक्रम के संयोजक डॉ. महेंद्र बाबू, आयोजन समिति के सदस्य डा. हीरा लाल यादव, डा. कपिल पंवार, डा. लक्ष्मण कंडारी, राजेन्द्र सिंह, शोध छात्र सुनील सिंह, अमीषा शाह, शुरभि थपलियाल, तुषार, सुमित राज, ऋतुराज, प्रदीप शाह सहित आदि मौजूद थे।

# लोकसभा, नगर पालिका व पंचायत चुनावों में जुटे कार्यकर्ता : फस्वार्ण



बागेश्वर : भाजपा प्रदेश नेतृत्व द्वारा वरिष्ठ नेता एडवोकेट कुंदन परिहार को चमोली का प्रभारी बनने पर व इंद्र सिंह फर्स्वाण के जिलाध्यक्ष बनने पर भाजपा ग्रामीण मंडल कार्यकर्ताओं ने दोनों का स्वागत किया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने लोकसभा व पंचायत चुनावों में पार्टी को विजय बनाने का संकल्प लिया।

भाजपा ग्रामीण मंडल की यहां संपन्न बैठक में भाजपा के प्रदेश सह संयोजक बागेश्वर निवासी एडवोकेट कुंदन परिहार को चमोली का भाजपा जिला प्रभारी बनने व इंद्र सिंह फर्स्वाण के जिलाध्यक्ष बनने पर स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष फर्स्वाण ने कहा कि आगामी नगर पालिका व पंचायत चुनावों समेत लोकसभा चुनावों की तैयारी पर जुटना होगा। चमोली के भाजपा जिला प्रभारी एडवोकेट कुंदन सिंह परिहार ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी है उसे पूरा करने पर वे खरा उतरेंगे। उन्होंने भाजपा के गठन से लेकर अब तक किए कार्य व विश्व में सबसे बढ़ी पार्टी बनने तक के कार्यों की जानकारी दी। कहा कि भाजपा द्वारा हमेशा जनहित के मुददों को प्राथमिकता दी है।

## बच्चे बेहतर भविष्य के लिए सही विषय का चुनाव करें

अल्मोड़ा : धौलादेवी ब्लॉक के शहीद हवलदार माधो सिंह राइंका चमतोला में मंगलवार को करियर कांउसलिंग आयोजित की गई। जिसमें वंदना सोसायटी एज्यूकेशन की ओर से कक्षा 11 और 12 के छात्र-छात्राओं को रोजगारपरक जानकारी दी गई। इस मौके पर सोसायटी के अध्यक्ष कमल तिवारी और हरीश तिवारी ने बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए सही विषयों के चुनाव करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य खजान चंद्र कांडपाल, प्रमोद पाटनी, रंजीत कुमार, सुनीता नेगी, तारा सिंह, ज्योती, दिनेश चंद्र, गीता नेगी, आशा आदि मौजूद रहे। (एजेन्सी)



## अनियमियतता को लेकर जिपं सदस्यों का धरना जारी

बागेश्वर : बजट वितरण में अनियमियतता को लेकर विपक्षी सदस्यों का धरना जिला पंचायत परिसर में जारी है। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती वह चुप नहीं बैठेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष पर विकास विरोधी होने का भी आरोप लगाया है। इस मौके पर जिपं उपाध्यक्ष नवीन परिहार, हरीश ऐठानी, वंदना ऐठानी, गोपा धपोला, पूजा आर्या आदि मौजूद रहे। (एजेन्सी)

## वाहन चालकों को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ



अल्मोड़ा : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रदीप रॉय के निर्देश पर सोमेश्वर पुलिस ने क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। मंगलवार को उप निरीक्षक मोनी टम्टा ने सोमेश्वर में टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों व सदस्यों को यातायात नियमों, महिला सुरक्षा संबंधी कानून, साइबर अपराध, बाल अपराध से जुड़ी तमाम जानकारियां दी। उन्होंने साइबर अपराध से संबंधित टोल फ्री नंबर 1930, उत्तराखंड पुलिस ऐप, गौरा शक्ति ऐप, पब्लिक आई ऐप, उत्तराखंड ट्रैफिक आई ऐप तथा मानव तस्करी आदि के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया। (एजेन्सी)

## छेड़छाड़ व मारपीट के आरोपित दोषमुक्त

बागेश्वर : मुख्य न्यायिक मजिस्टेट की अदालत ने मारपीट व छेड़छाड़ के आरोपियों को दोषमुक्त किया है। मामले के अनुसार कपकोट निवासी एक महिला ने प्राथमिकी में कहा था कि उसके साथ उसके पड़ोसी महिला व एक व्यक्ति ने घर में घुसकर मारपीट की तथा व्यक्ति ने उसके साथ छेड़छाड़ की। जिस पर पुलिस ने उन्हें विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज करके गिरफ्तार किया तथा मुख्य न्यायिक मजिस्टेट के न्यायालय में मामला चला। गवाह परीक्षित करवाए। मुख्य न्यायिक मजिस्टेट मंजू मुंडे ने दोनों पक्षों का पक्ष सुनने व पत्रावलियों का अध्ययन करने के बाद साक्ष्य के अभाव में आरोपियों को दोषमुक्त किया। आरोपियों की ओर से अधिवक्ता नरेंद्र कोरंगा ने पैरवी की। (एजेन्सी)

## बीएसएनएल की इंटरनेट सेवा ठप, जनता परेशान



बागेश्वर : तहसील में इन दिनों बीएसएनएल की इंटरनेट सेवा पटरी से उखड़ी हुई है। इस कारण क्षेत्र के पोस्ट ऑफिसों में ऑनलाइन व्यवस्था ठप है।

जिस कारण लोगों और पोस्ट ऑफिस कर्मियों के बीच कहासुनी भी हो जा रही है। वही ऑन लाइनकार्य होने से कोई भी कार्य नही हो पा रहे हैं। कठपुड़ियाछीना पोस्ट ऑफिस में तैनात पोस्ट मास्टर पुष्पा मिश्रा ने इसकी शिकायत प्रदेश मुख्यालय तक कर दी है।

उपभोक्ताओं ने कई बार विभाग से शिकायत कर दी है, लेकिन समस्या आज भी जस की तस बनी है। पोस्ट ऑफिस में आए लोगों के काम नहीं होने पर प्रदर्शन भी किया। कहा कि वह चार दिन से लगातार यहां आ रहे हैं और निराश होकर जा रहे हैं। नाराज खातेधारकों ने नाराजगी जताते हुए पोस्ट ऑफिस में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में कमलाकांत मिश्रा, जगमोहन मेहता, राजेंद्र सिंह, शंकर मिश्रा, घनानंद मिश्रा, मथुरा दत्त, गोपाल राम, हरीश प्रसाद, विनोद मिश्रा, पुष्पा मिश्रा आदि ने पोस्ट ऑफिस में इंटरनेट सेवा बहाल करने की मांग की है। वहीं बीएसएनएल के एसडीओ हेमंत जोशी ने बताया कि बिलौना के समीप फाइबर लाइन टूटने से व्यवस्था प्रभावित हुई है, जिसे ठीक किया जा रहा है। (एजेन्सी)

# अंशकालिक मजदूरों ने लगाया उपेक्षा का आरोप



बागेश्वर : जल संस्थान अंशकालिक मजदूर संघ की यहां आयोजित बैठक में संगठन के नवीनीकरण को लेकर मंथन हुआ। साथ ही लंबित मांगों के समर्थन में नारेबाजी भी की गई। वक्ताओं ने कहा कि जल्द नवीनीकरण एक शिष्ट मंडल हल्द्वानी जाएगा और कार्यक्रम चलेगा। संगठन से जुड़े लोग मंगलवार को नुमाईशखेत में एकत्रित हुए। यहां अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि विभाग व सरकार उनकी उपेक्षा कर रही है। संगठन की मजबूत कर अपनी मांगों को मनवाया जाएगा। संघ के नवीनीकरण के लिए जल्द कार्रवाई की जाएगी। सभी से संगठन की मजबूती को आगे आने की अपील की गई। अध्यक्षता सुरेश चंद्र लोबियाल ने की। इस मौके पर ध्यान सिंह, दुर्गा सिंह, मंगल सिंह, नरैलीण देवी, ललित नेगी, ओमप्रकाश, नंदन प्रसाद, तारा सिंह, बलवंत सिंह आदि मोजूद थे।

## 20 दिन बाद भी चोर पुलिस की गिरफ्त से बाहर

चम्पावत : टनकपुर में हुई चोरी और बनबसा में नाबालिग के गायब होने का सुराग पुलिस को अब तक नहीं लग पाया है। इसके लिए पूरे जिले की रेगुलर पुलिस टीम समेत एसओजी और पीएससी की टीम जांच में जुटी हुई है। 25 दिन पहले बनबसा के पत्रकार कुंदन बिष्ट का 14 वर्षीय बेटे प्रशांत बिष्ट का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। वहीं टनकपुर के आदर्श कॉलोनी निवासी वीडीओ के घर में हुई चोरी का भी अब तक पर्दाफाश नहीं हो सका है। आदर्श कॉलोनी निवासी वीडीओ के पद पर तैनात जीवन गिरी दीपावली पर्व पर परिवार के साथ हल्द्वानी गए हुए थे। (एजेन्सी



## मनिहारगोठ में संपर्क मार्ग बनाने की मांग उठाई

चम्पावत : नेताजी सुभाष लोक सेवा समिति के लोगों ने मनिहारगोठ में संपर्क मार्ग बनाए जाने की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने एसडीएम के माध्यम से सीएम पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा है। मंगलवार को नेताजी सुभाष लोक सेवा समिति के संयोजक दिनेश चंद्र शास्त्री के नेतृत्व में एसडीएम हिमांशु कफल्टिया को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि वह कई दशकों से भूरे के बगीचे मनिहारगोठ में लगभग 500 मीटर लंबाई के 14 फीट चौड़ी सड़क की मांग करते हुए आए हैं। जिससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जल्द कार्रवाई करने की मांग की है। यहाँ बाबूराम, अमन, अमित, सूरज, अजय कुमार, दुर्गा प्रसाद, निर्मला देवी, सुरेंद्र पाल आदि रहे। (एजेन्सी)

# मुख्यमंत्री नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दें : आप

अल्मोड़ा : प्रदेश में बढ़ते भ्रष्टाचार पर रोक लगाने समेत ध्वस्त होती कानून व्यवस्था को मजबूत करने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को चौघानपाटा में प्रदर्शन किया। भाजपा सरकार को भ्रष्टाचार रोकने में विफल बताया। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आप कार्यकर्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में भ्रष्टाचार पूरे चरम पर है। कहा कि भाजपा दो पूर्व मुख्यमंत्रियों त्रिवेंद्र सिंह रावत एवं तीरथ सिंह रावत ने सार्वजनिक रूप से मीडिया के सामने स्वीकार किया है, कि भाजपा की सरकार में भ्रष्टाचार फल-फूल रहा है। वहीं आप के जिलाध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि एक ओर जहां अंकिता और जगदीश हत्याकांड में उनके परिजन न्याय की मांग को लेकर दर-दर भटक रहें है। वहीं भाजपा के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों का उत्तराखंड की दुर्दशा को लेकर दिया गया बयान वर्तमान धामी सरकार की पोल खोलता है। इस मौके पर जिला सचिव अरुण तिवारी, नवीन चंद्र आर्य, प्रकाश कांडपाल, किरन आर्या, शकीला बानो समेत कई अन्य आप कार्यकर्ता मौजूद रहे। (एजेन्सी)

## पालिका ने छः व्यापारियों से वसूला जुर्माना

चम्पावत : टनकपुर में पालिका ने सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने छः व्यापारियों पर सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करते हुए एक हजार रुपए जुर्माना वसूला।

मंगलवार को पालिका के अधिशासी अधिकारी भूपेंद्र प्रकाश जोशी के नेतृत्व में नगर के कई जगहों में प्लास्टिक हटाओ अभियान चलाया गया। ईओ जोशी ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करना, सड़क पर कूड़ा फेंकना एवं थूकना के जुर्म में चालानी कार्रवाई की गई।

बताया कि इस दौरान कुल छः व्यापारियों से एक हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। यहां पालिका के वरिष्ठ लिपिक बसंतराज चंद, पूरन लाल शाह, अर्जुन सिंह, हरि दत्त पंत, राकेश कुमार, शगुन सक्सेना, प्रकाश नेगी, विशाल वाल्मिकी आदि रहे। (एजेन्सी)

# डिजिटल क्राइम से बचने के लिए कैशलेस व्यवस्था अपनाएं



अल्मोड़ा : जिला सहकारी बैंक की सोमेश्वर शाखा के तत्वाधान में मंगलवार को चनौदा में एक वित्तीय जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें किसानों तथा बैंक ग्राहकों को डिजिटल वित्तीय साक्षरता अभियान से जुड़ी तमाम जानकारियां दी गई। जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक सुनील वर्मा ने कहा कि डिजिटल क्राइम से बचने के लिए कैशलेस व्यवस्था का लाभ लें।

उन्होंने ग्राहकों को पीओएस कार्ड से भुगतान करने, मोबाइल वॉलेट से लेनदेन, आधार कार्ड से भुगतान, साधारण मोबाइल से पैसे के लेन देन से जुड़ी जानकारियां दी। (एजेन्सी)

# डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों के उपभोक्ताओं को 6 माह से नहीं मिले बिजली के बिल

अल्मोड़ा : उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन ने सोमेश्वर के डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों के सैकड़ों उपभोक्ताओं को पिछले 6 माह से बिजली का बिल नहीं दिया है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि माह मई 2022 के बाद विभाग ने न तो मीटर की रीडिंग की और ना ही उन्हें बिजली का बिल दिया गया।

सामाजिक कार्यकर्ता एवं उपभोक्ता शिवेंद्र सिंह बोरा ने रोष जताते हुए कहा है कि विभाग से कई बार बिजली का बिल भेजने का अनुरोध करने के बाद भी उन्हें बिल नहीं मिल रहे हैं। जिस कारण गरीब उपभोक्ताओं के लिए 6 महीने का बिजली का बिल एक साथ जमा करना मुश्किल हो जाएगा। उनका कहना है कि विभाग के अवर अभियंता से लेकर उच्चाधिकारियों तक बिजली के बिल प्रेषित करने की मांग की गई। बताते चलें कि अल्मोड़ा–सोमेश्वर हाइवे से जुड़े मनान से लेकर सोमेश्वर के बीच के उपरोक्त गांवों में 6 महीने बाद भी बिजली बिलिंग नही हुई है। इनमें ग्राम पंचायत मल्लाखोली, रतूराठ, भानाराठ, फल्या, अर्जुनराठ, जैंचोली, दलमोड़ी आदि सम्मिलित हैं। सामाजिक कार्यकर्ता शिवेंद्र बोरा, महेश पांडे, ग्राम प्रधान भानाराठ सुरेश बोरा, पूर्व प्रधान राजेंद्र बोरा सहित अनेक उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग से शीघ्र बिल भेजने और गरीब उपभोक्ताओं से किश्तवार बिल की राशि वसूलने की मांग की है। वहीं केएस नेगी अवर अभियंता उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन सोमेश्वर का कहना है कि जुलाई माह वर्ष 2022 से मीटर रीडिंग और बिलिंग का कार्य प्राइवेट कंपनी द्वारा किया जाता है। मनान से सोमेश्वर के बीच हाईवे से जुड़े गांवों की रीडिंग करने वाले ठेकेदार के आदमी ने काम छोड़ दिया है। जिसकी जानकारी विभागीय अधिकारियों को दे दी गई थी। ठेकेदार से वंचित गांवों में मीटर रीडिंग करने हेतु कई बार कह दिया गया है। (एजेन्सी

## ई–कंटेंट निर्माण प्रशिक्षण शुरू

चम्पावत : डायट लोहाघाट में शिक्षकों का पांच दिवसीय अंग्रेजी भाषा में ईकंटेंट निर्माण प्रशिक्षण शुरू हो गया है। प्रशिक्षण में अंग्रेजी भाषा के तहत ई कंटेन्ट निर्माण के बारे में बताया जा रहा है। जिले के 40 शिक्षण प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रभारी प्राचार्य डॉ. अवनीश शर्मा ने प्रशिक्षण का शुभारंभ करते प्रतिभागियों को प्रशिक्षण की आवश्कता और गंभीरता पर बात की। प्रवक्ता शिवराज तड़ागी ने अंग्रेजी भाषा में ईकंटेंट बनाने की वर्तमान में आवश्कता पर सबको प्रोत्साहित किया। प्रशिक्षण समन्वयक प्रवक्ता लता आर्य ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर बात शुरू करते हुए ईकंटेंट निर्माण की अवधारणा, प्रक्रिया, लीगल लॉस, क्रिएटिव कॉमन्स आदि के बारे में बताया।

## बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान



पिथौरागढ़ : नगर के लोनिवि विश्राम गृह में बजरंग दल ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। सोमवार को कार्यकर्ता लोनिवि विश्राम गृह पहुंचे। इस दौरान जिला अस्पताल के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. नरेन्द्र शर्मा, राजेंद्र प्रसाद टम्टा व गौरव जोशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बारी–बारी से रक्त का दान किया। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. शर्मा ने कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि उनकी यह पहल आपात स्थिति में कई लोगों की जान बचाने मेंसहायक होगी। इस मौके पर बजरंग दल संयोजक ललित उप्रेती, संरक्षक रमेश बोरा, विधायक प्रतिनिधि विमल रावल, दीपक मेहरा, अशोक उप्रेती, हिमांशु उप्रेती, चंद्र सिंह भंडारी, भगवान चंद, कृष्ण सिंह बोहरा, हरीश बहादुर, मोहन परगाई, भगवान मौरा, अनिकेत ठाकुर, नरेंद्र मेहता, गिरीश चंद्र भट्ट, कंचन पाठक, शुभम कुमार, दिवाकर शाह, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे। (एजेन्सी)

# कांग्रेसियों ने निकाली भारत जोड़ो यात्रा

## कुंभीचौड़ से सनेह क्षेत्र में निकाली गई यात्रा

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेसियों ने सनेह क्षेत्र में भारत जोड़ो यात्रा निकाली। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आमजन को प्रदेश व केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों से भी अवगत करवाया। मंगलवार को कुंभीचौड़ से आरंभ हुई यात्रा सनेह पहुंच कर समाप्त हुई।इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार जनमानस में नफरत का माहौल पैदा कर रही है तथा असली मुद्दों से जनता का ध्यान भटका रही है। कहा कि यह सरकार महंगाई व बेरोजगारी सहित भ्रष्टाचार को रोकने में नाकाम साबित हुई है। बड़े–बड़े वादों को लेकर सत्ता में आई भाजपा सरकार के कार्यकाल में महिलाओं पर अत्याचार बड़ा है, विभागीय भर्तियों में घोटाले हुए हैं। भाजपा सरकार ने महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों को दबाने का अथक प्रयास किया है।



कोटद्वार में भारत जोड़ो यात्रा निकालते कांग्रेसी

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अंकिता हत्याकांड में भी भाजपा के बड़े नेताओं को बचाने के साथ ही सबूतों को मिटाने का प्रयास किया जा रहा है जो उत्तराखंड के लिए शर्मसार करने वाली घटना है। कहा कि वर्तमान में बेरोजगार रोजगार के लिए सड़कों की खाक छान रहा है। महंगाई चरम पर पहुंच गई है। गैस सिलेंडर के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे जनता की कमर टूट गई है। वर्तमान सरकार विकास के नाम पर गांव एवं बस्तियों को उजाड़ने का काम कर रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। संबोधन और यात्रा में पार्षद अनिल रावत, महेंद्र पाल सिंह, प्रकाश लखेड़ा, नत्थू सिंह अधिकारी, नंदन सिंह, भोपाल अधिकारी, सुरेंद्र सेमवाल, चंद्र मोहन सिंह, सुशीला देवी, सतेंद्र नेगी, नरेंद्र सिंह और कुलवंत सिंह आदि लोग शामिल रहे।

## पूस की रात नाटक मंचन ने दर्शकों को किया मंत्र मुग्ध

जयन्त प्रतिनिधि।

श्रीनगर : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के एमए थिएटर द्वितीय वर्ष के छात्रों ने महान हिंदी लेखक मुंशी प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानी पूस की रात नाट्य रूपांतरण का मंचन किया। हल्कू और उसकी पत्नी मुन्नी पर केंद्रित इस नाटक की छात्रों ने बेहतरीन प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नाटक के अनुसार हल्कू एक गरीब किसान है जिस पर अपने मालिक सहना का पैसा बकाया है। हल्कू और उसकी पत्नी जो भी काम करते है, उसका अधिकांश हिस्सा उसके मालिक के पास जाता है। उधार के पैसे पर ब्याज दर इतनी अधिक है कि हल्कू को लगता है कि वह पूरा कर्ज नहीं चुका पाएगा। सहना पैसे की मांग करते हुए हल्कू के घर के बाहर इंतजार करता है। हल्कू की पत्नी मुन्नी का किसी तरह नया कंबल खरीदने के लिए तीन रूपये बचाने, इस बचाए हुए पैसे को मालिक को देने के लिए हल्कू का दबाव बनाना व सहना को पैंसे देना, रात की ठंड में खेत की रखवाली करना, ठंड से बचने के लिए कुत्ते को अपने बिस्तर पर बुलाना आदि नाट्य प्रसंग की प्रस्तुति देखकर दर्शक गदगद हुए। नाटक में हल्कू का पात्र नाटक के निर्देशक हेमन्त राय, मुन्नी की भूमिका अनुष्का पांडे, सहना की भूमिका कार्तिकेय खट्टर और जबरा की भूमिका में लव पंडित ने निभाई।

# केन्द्र व राज्य सरकार देश में बांट रही नफरत : पूरण सिंह

नई टिहरी : कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के टिहरी जिले के पर्यवेक्षक पूरण सिंह रावत ने कहा कि जनपद में 14 नवंबर से पदयात्रा की शुरूआत कर दी गई है। लगातार 19 नवंबर तक इंदिरा गांधी की जयंती तक कार्यक्रम जनपद में चलाये जायेंगे। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर कई आरोप लगाये।

जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में रावत ने बताया कि पूरे देश में राहुल गांधी की शुरू की गई नफरत रोको, भारत जोड़ों यात्रा को जनता का भारी समर्थन मिल रहा है। भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार ने जो नफरत देश में बांटने का काम किया है उसे जनता समझ चुकी है और राहुल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा को भारी समर्थन दे रही है। कहा कि बीती 14 नवंबर को प्रतापनगर के लंबगांव में भारत जोड़ों यात्रा के तहत पद यात्रा विधायक विक्रम सिंह नेगी के नेतृत्व में निकाली गई। 16 नवंबर को उत्तराखंड राज्य आंदोलन के प्रणेता रहे स्व इंद्रमणी बडोनी के गांव अखोड़ी में पद यात्रा का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर राज्य आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण और महिला आरक्षण की मांग की जायेगी। 17 नवंबर को राज्य आंदोलनकारी स्व विद्यादत्त के परिजनों को सम्मानित करते हुए पद यात्रा नवाकोट में की जायेगी। 19 नवंबर को स्व इंदिरा गांधी की जयंती पर टिहरी शहर में बाबा भीमरावत अम्बेडकर स्मारक पर कार्यक्रम और नैनबाग में सामाजिक कार्यकर्ता स्व किशन सिंह के आवास से नैनबाग बाजार में स्व सरदार सिंह रावत के स्मारक तक पद यात्रा का आयोजन किया जायेगा। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष शांति प्रसाद भट्ट ने कहा कि भाजपा के पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने प्रदेश में भ्रष्टाचार बढ़ने और तीरथ सिंह रावत ने परसंटेज का बयान देकर प्रदेश में भ्रष्टाचार की पोल खोल दी है। जिसका कांग्रेस समर्थन करते हुए एक बार फिर कहती है कि प्रदेश की भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार जमकर हो रहा है। इस मौके पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र नौडियाल, पूर्व जिलाध्या शांति प्रसाद भट्ट, राज्य आंदोलनकारी मंच के जिलाध्यक्ष ज्योति प्रसाद भट्ट, महिला कांग्रेस अध्यक्ष दर्शनी रावत, नवीन सेमवाल, किशोर मंद्रवाल आदि मौजूद रहे। (एजेन्सी)

## अंकिता के परिजनों को जल्द न्याय नहीं मिला तो करेगें उग्र आंदोलन

श्रीनगर : ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन ने अंकिता भंडारी हत्याकांड के विरोध एवं इस मामले में न्याय दिलाए जाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि इस हत्याकांड को दो माह पूरे होने पर भी परिजनों को न्याय नहीं मिल पाया है। उन्होंने इस मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाए जाने की मांग की। धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही अंकिता के परिजनों को न्याय नहीं मिला तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# महिला पात्रों का अभिनय करने वाले कलाकारों को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : केवर्स में आयोजित रामलीला मंचन में महिला पात्रों के अभिनय को महिलाओं ने जीवंत बनाया। जिसकी सभी ने सराहना की। महिला पात्रों का अभिनय करने वाले कलाकारों को समिति सहित ग्रामीणों ने नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। ग्राम पंचायत केवर्स में वर्ष 1977-78 से रामलीला का मंचन हो रहा है। ग्रामीण सामूहिक प्रयास से गांव में रामलीला का मंचन करते हैं। कोविडकाल के बाद इस वर्ष आयोजित रामलीला के मंचन को लेकर गांव में अलग ही खुशी का माहौल देखा गया। मंचन की शुरुआत से लेकर राजतिलक तक ग्रामीण लगातार जुड़े रहे। रामलीला में माता सीता के पात्र का अभिनय श्वेता कंडवाल ने किया। इसके अलावा कैकई व मंदोदरी के पात्र का अभिनय तन्नु, सुमित्रा दीपिका व कौशल्या के पात्र का अभिनय वंदना ने निभाया। महिला पात्रों के अभिनय को इन महिला कलाकारों ने जीवंत बनाकर सभी की सराहना बटोरी। भगवान श्रीराम के पात्र का अभिनय मोहित पंवार, लक्ष्मण अंकुश रावत, भरत करन थपलियाल, शत्रुघन आर्यन, लंकापति रावण के पात्र को महावीर सिंह रावत ने बखूबी निभाया। मंचन के समापन पर ग्राम पंचायत में श्रीराम की भव्य झांकी निकाली गई। इस दौरान ग्रामीण श्रद्धालु भगवान का आशीर्वाद लेने के लिए उमड़ पड़े। श्रीराम दरबार में झांकी के पहुंचने पर आयोध्या के राजा भरत और श्रीराम का मिलन सभी को भावुक कर गया। इसके बाद विधि विधान से पूजा अर्चना कर श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ। रामलीला समिति केवर्स के अध्यक्ष संदीप रावत ने बताया कि ग्रामीण सामूहिक प्रयास से रामलीला का मंचन करते हैं। कहा ग्रामीण अंचल में महिला पात्रों का अभिनय महिलाओं द्वारा जीवंत रुप में निभाया जाना सुखद अनुभूति देता है। उन्होंने कहा कि ऐसी महिला कलाकारों को समिति व ग्रामीणों ने नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष मनवर सिंह रावत, ग्राम प्रधान कैलाश रावत, प्रकाश भंडारी, निर्देशक मनोज मंद्रवाल, क्षेपं सदस्य विनोद बिष्ट, मुकेश रावत, मनोज रावत, संतन सिंह, कुलदीप सिंह, राजपाल आदि मौजूद रहे।

## पार्टी को बूथ लेबल तक मजबूत करने पर करेगें काम : राजेश

नई टिहरी : टिहरी जिले के नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने कहा कि नई जिम्मेदारी को पूरी तत्परता से निभाने के साथ ही स्थानीय निकाय और लोकसभा चुनावों को फोकस करते हुए पार्टी को बूथ लेबल तक मजबूत करने का काम किया जाएगा। जिम्मेदारी मिलने के बाद नौटियाल भाजापा के जिला कार्यालया में पहली बार पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का जिलाध्यक्ष बनने का उन्हें मौका मिला है। इस मौके का सदुपयोग कर जिम्मेदारी से काम करेंगे। महिला व युवा मोर्चा को मजबूत करने पर विशेष फोकस रहेगा। भाजपा संगठन के 27 विभागों, 18 प्रकोष्ठों और 7 मोर्चों को पूरी तरह से एक्टिव किया जायेगा।

# युवाओं को गंगा संरक्षण के प्रति जागरूक किया

रुद्रप्रयाग : नेहरू युवा केन्द्र रुद्रप्रयाग के सहयोग से गुप्तकाशी में एक सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें युवाओं ने चित्रकला, सांस्कृतिक, क्विज प्रतियोगिता के साथ ही गंगा संरक्षण विषय पर विशेषज्ञों ने अपने व्याख्यान दिए। कार्यक्रम में करीब 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

राइंका गुप्तकाशी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवा इंटरनेशनल के जिला समन्वयक मनोज बेंजवाल ने युवाओं के मध्य गंगा संरक्षण विषय पर अपने विचार रखते हुए गंगा संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। एनएसएस के जिला समन्वयक जगदीश लाल टम्टा ने कहा कि पौधे लगाकर न केवल पानी को साफ रखा जा सकता है, बल्कि नदियों को स्वच्छ रखने एवं अन्य जलीय प्रजातियो को भी लुप्त होने से बचाया जा सकता है। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी दिलबर सिंह कोटवाल ने युवाओं को कूड़ा ना फैलाने एवं उसका सही तरीके से निस्तारण करने के लिए प्रेरित किया गया। जिससे नदियों को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। कार्यक्रम में गंगा दूतों ने स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके बाद उपस्थित गंगा दूत, युवा मण्डल सदस्य ने गंगा गीत एवं समूह नृत्य किया। सभी प्रतिभागियों ने जिला सम्मेलन में मां गंगा पर अपनी–अपनी प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। समस्त विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित का कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी राहुल डबराल, जिला परियोजना अधिकारी अभिलाषा पंवार, प्रधानाचार्य सुबोध सेमवाल, दिलबर सिंह, दिगंबर नेगी, प्रशिक्षक रीना चौहान, सुमित नेगी, राजेन्द्र कुमार, मयंक सिंह एवं विजयपाल लाल आदि मौजूद थे। (एजेन्सी)

## महिलाएं सीख रही मशरूम उत्पादन के गुर

रुद्रप्रयाग : जिला उद्योग विभाग एवं गढ़ माटी संगठन के संयुक्त सहयोग में भटवाड़ी गांव में मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण चल रहा है।

जिसमें गांव की 30 महिलाएं मशरूम उत्पादन के तरीके सीख रही है। महिलाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें स्वरोजगार के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने का आह्वान किया गया है।

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम सोनम गुसांई (SHONAM GUSAIN) भूलवश दर्ज हो गया है। जबकि मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम सोनम गुसांई (SONAM GUSAIN) है।

अतः मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम सोनम गुसांई (SONAM GUSAIN) लिखा/पढ़ा जाय।

**JC N. 530144A Sub/Ex दरवान सिंह पुत्र स्व० प्रताप सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट बालासौड़ ब्रहमपुरी, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

**संबंध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अजय पटवाल उम्र 32 वर्ष मेरी व मेरी पत्नी के कहने सुनने में नहीं है और वह बुरी संगति में पड़ चुका है। वह मुझे व मेरी पत्नी को परेशान करता है। उसकी इन हरकतों से तंग आकर मैं अपने पुत्र अजय पटवाल से संबंध विच्छेद करता हूं तथा अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। यदि भविष्य में मेरे पुत्र अजय पटवाल द्वारा किसी भी प्रकार का कृत्य व लेन-देन किया जाता है तो वह उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहेगा, मैं तथा मेरी पत्नी व मेरा पूरा परिवार उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

सुरेश पटवाल पुत्र स्व० बलवन्त सिंह निवासी ग्राम शिब्बूनगर, देवी रोड, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।

(0676/25)

# नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता मानसी नेगी और सूरज पंवार ने की सीएम धामी से भेंट

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में 37वें नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 10 कि.मी. रेस वाक में नेशनल रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाली मानसी नेगी और एथलीट सूरज पंवार ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने दोनों एथलीट को सीएम कोष से दो–दो लाख रुपये की धनराशि देने की घोषणा की। जबकि खेल विभाग की नियमावली के मानकों के अनुसार 1–1 लाख रुपये की राशि दी जाएगी। इस प्रकार कुल 3–3 लाख रुपये की राशि दोनों एथलीट को मिलेगी। मुख्यमंत्री ने दोनों एथलीट को आगामी खेलों की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आगे भी राज्य सरकार द्वारा ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रशिक्षण आदि के लिए हर संभव



मदद दी जायेगी। मुख्यमंत्री ने दोनों एथलीट के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर उप क्रीडा अधिकारी एवं इन दोनों खिलाड़ियों के कोच अनूप बिष्ट एवं एथलीट मनीष बिष्ट मौजूद थे।

**कार्यालय - ग्रामप्रधान/ग्रा0पं0वि0अधि0 गोर्ली विकास खण्ड- एकेश्वर पौड़ी गढ़वाल**

पत्रांक : मेमो/आर0जी0एस0ए0/पं0 भवन- 1/2021-22 दिनांक- 10 नवम्बर 2022

**अल्पकालिक निविदा/कोटेशन सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड सरकार की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार से शिल्ड निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 18 नवम्बर 2022 से 20 नवम्बर 2022 तक किसी कार्य दिवस 10.00 बजे पूर्वाहन से 04:00 बजे सायं तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निर्धारित शुल्क रू0 1000.00+ 18% GST देकर प्राप्त की जा सकती है तथा दिनांक 23 नवम्बर 2022 को अपराहन 2:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निविदा बॉक्स में निविदा डाली जा सकती है। निविदा प्रपत्रों को दिनांक 23 नवम्बर 2022 में अपराहन 2:30 बजे उपस्थित निविदाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ग्राम प्रधान/गा0पं0वि0अधि0 गोर्ली के कार्यालय में निविदा खोलने हेतु गठित समिति द्वारा खोला जाएगा। निविदा फार्म के साथ रू0 100.00 का स्टाम्प पेपर एवं रू0 1.00 का हस्ताक्षरित रसीदी टिकट तथा स्वीकृत धनराशि का 2% की राशि सी0डी0आर0 के रूप में जो कि ग्रा0पं0वि0अधि गोर्ली के नाम बंधक हो को संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति में इसे निरस्त समझा जायेगा।

| कार्य का नाम | कुल स्वीकृत धनराशि रू0 लाख में | आर0जी0एस0ए0 से स्वीकृत | रा0वि0/15 वॉ वित्त से स्वीकृत | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ग्राम पंचायत गोर्ली में पंचायत भवन निर्माण | 12.00 | 10.00 | 2.00 | 06 माह | 10 दिन | डी अथवा उच्चतर |

अन्य शर्तें निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

नोट - निविदा प्रपत्र क्रय करते समय ठेकेदारों को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना पड़ेगा।

**(नैना जैन)**
**ग्राम पंचायत विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत गोर्ली**

# भ्रष्टाचार और महिला सुरक्षा के मुद्दे पर आप का प्रदर्शन



देहरादून। भ्रष्टाचार एवं महिला सुरक्षा के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दून में आराघर चौक पर प्रदर्शन किया और सरकार का पुतला फूंका। प्रदेश उपाध्यक्ष डा. आरपी रतूड़ी एवं उमा सिसोदिया की अगुवाई में एकत्र कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। रतूडी एवं सिसोदिया ने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने अपने बयान में इसकी पुष्टि की है। अधिकारियों के साथ–साथ नेता भी कमीशन ले रहे हैं। महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं, कई घटनाक्रम से प्रदेश में बेटियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हुए हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारा पूरी तरह से बेबुनियाद है। गढ़वाल मीडिया प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सिंह कमीशनखोरी की वजह से ही उत्तराखंड में आए दिन सड़कें, पुल आदि गिरते रहते हैं, क्योंकि सभी निर्माण कार्यों में कमीशन चलता है। इसी वजह से इनमें निम्न गुणवत्ता वाले सामान का प्रयोग होता है। इस दौरान हिम्मत सिंह बिष्ट, डीके पाल, नासिर खान, विपिन खन्ना, कमलेश रमन, प्यारा सिंह, अशोक सेमवाल, सुधा पटवाल, विपिन नेगी, तोमर, गौरव कपूर, बलवंत पवार, ऋत्विक बहुगुणा, आयुष, मुन्ना, अदनान, दानिश, शाकिर आदि मौजूद रहे।

## व्यवसायिक वाहन स्वामियों व चालकों ने अलग यूनियन बनाई

रुद्रप्रयाग : ऑल इण्डिया परमिट वाले व्यावसायिक कार मालिक एवं चालकों ने अपनी अलग यूनियन बनाई है। जिसका मंगलवार को विधिवत शुभारंभ हो गया।

यूनियन के अध्यक्ष अशोक बर्त्वाल ने आगन्तुक अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि लम्बी दूरी तथा दूसरे प्रदेशों में जाने वाले वाहनों की समस्यायें स्थानीय स्तर पर चलने वाले वाहनों से अलग होती हैं। इन सब बातों को देखते हुए इस यूनियन का गठन किया गया है। जिसमें उपाध्यक्ष पवन सिंह, कोषाध्यक्ष गगनसिंह, सचिव अंकित, सहसचिव रजत सिंह तथा प्रबन्धक विजय सिंह को बनाया गया है। जबकि संतोष सिंह, अनुराग सिंह, प्रशान्त सिंह, अमितसिंह तथा विकास सिंह कोसदस्य बनाया गया है। विजयनगर झूला पुल के पास श्री केदार कार मालिक चालक कल्याण समिति के कार्यालय का उद्घाटन करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अरुणा बेंजवाल ने कहा कि इसकी आवश्यकता भी थी।

**कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी सतपुली गढ़वाल**

पत्रांक 954 / कृ0ए0भू0सं0अ0 / कोटेशन पत्रा0/ भण्डार /2022-23/ दिनांक 15/11/2022

**अति अल्पकालीन कोटेशन सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा इकाई कार्य क्षेत्रान्तगर्त विकासखण्ड एकेश्वर एवं जयहरीखाल में प्रधानमंत्री सिंचाई योजना, के अर्न्तगत निम्नलिखित कार्यो के लिए कृषि एवं भूमि संरक्षण इकाई सतपुली में पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबन्द कोटेशन आमत्रित की जाती है। कोटेशन प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से दिनांक 16.11.2022 से 22.11.2022 तक प्रातः 10.00 से सायं 5.00 बजे तक प्रत्येक कार्य दिवस को नकद निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। कोटेशन प्रपत्र पूर्ण कर दिनांक 23.11.2022 को अपरान्ह 1.00 बजे तक कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी सतपुली पौड़ी गढ़वाल कार्यालय में रखे कोटेशन बॉक्स में सीलबन्द लिफाफे में जमा किये जायेगे। परियोजनाओं की सीलबन्द कोटेशनों में कोटेशन प्रपत्र सीलबन्द लिफाफे में स्वीकार किये जायेगें, जो उसी दिन दिनांक 23.11.2022 अपरान्ह 2.00 बजे उपस्थित कोटेशनदाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष इस कोटेशन हेतु गठित समिति द्वारा खोली जाएगी। कोटेशन प्रपत्र के प्रथम भाग तकनीकी प्रपत्र में कोटेश्न के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि किसी भी राष्ट्रीय कृत बैंक में एफ0डी0आर0 के रूप में जो कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी सतपुली, के नाम से बन्धक हो एवं आगामी एक वर्ष तक वैद्य होनी चाहिये। बिना धरोहर धनराशि के कोटेशन प्रपत्र के द्वितीय भाग वित्तीय प्रपत्र को खोला नहीं जायेगा।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | विकास खण्ड का नाम | परियोजना का नाम | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि 2% | टेण्डर प्रपत्र मूल्य रू0 में | कार्य पूर्ति की अवधि | ठेकेदार श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पी0एम0के0एस0वाई | जयहरीखाल | तोली | सिंचाई टैंक | 5000.00 | 500+18% | दो माह | डी0/ई0 |
| 2 | | जयहरीखाल | लवाड | चैकडैम | 5000.00 | 500+18% | दो माह | डी0/ई0 |
| 3 | नमसा | जयहरीखाल | मठाली | साइलेज यूनिट | 2500.00 | 500+18% | दो माह | डी0/ई0 |
| 4 | जिला योजना | एकेश्वर | कोटा | तारबाड | 4000.00 | 500+18% | दो माह | डी0/ई0 |
| 5 | पी0एम0के0एस0वाई | एकेश्वर | डोबल | सिंचाई टैंक | 5000.00 | 500+18% | दो माह | डी0/ई0 |

सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी। परियोजना स्थल एवं आगणन शर्त/नियम आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। किसी भी लिपिकीय/छपाई त्रुटि के लिए अधोहस्ताक्षरी उत्तरदायी नही है।

**कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी**
**सतपुली गढ़वाल**

सम्पादकीय

# बेलगाम भू-माफिया

उत्तराखंड में सोना उगलती जिमीनों की खरीद-फरोख्त को लेकर फर्जीवाड़े के मामलों का पहाड़ खड़ा हो चुका है। ना जाने कितनी ही जाने जमीनों पर अवैध कब्जा या फिर फर्जीवाड़े से बेची गई जमीनों के लेनदेन को लेकर जा चुकी है। सबसे खराब स्थिति प्रदेश की राजधानी देहरादून एवं हरिद्वार में है जहां भू माफियाओं ने जमीनों पर अवैध कब्जे कर उन्हें ठिकाने लगा दिया तो कई समी ने तो अलग-अलग लोगों को भेज दी गई। राजधानी देहरादून में जमीनों के फर्जीवाड़े के मामलों का अंबार इस प्रकार से लग चुका है कि एसआईटी हो या फिर थाना पुलिस, उनके लिए जमीनों की जांच से जुड़े इन प्रकरणों निस्तारण करना मुश्किल हो गया है। ना केवल विवादित जमीन बल्कि सरकारी जमीनों के कब्जों के मामले भी पुलिस की फाइलें बढ़ती जा रही है। षदिया तले अंधेराष की कहावत यहां सटीक बैठती है जब ऐसी वन विभाग की एक जमीन का मामला एक सेवानिवृत्त आला पुलिस अधिकारी से भी जुड़ा हुआ पाया जाता है जिसकी चर्चाएं पुलिस विभाग में भी सुर्खियां बनती आई है। भोले-भाले लोगों को विवादित जमीन दिखाकर पैसे हगने काम भूमाफिया लंबे समय से करते आ रहे हैं लेकिन उत्तराखंड में इस प्रकार की जमीनों में गड़बड़ी के बाद की जाने वाली विवेचना का स्तर उल्लेखनीय नहीं कहा जा सकता। राजधानी देहरादून सहित राज्य के दूसरे जनपदों में नगर निकायों की जमीन पर भी बड़ी संख्या में कब्जे किए गए हैं जबकि वन विभाग की जमीनों पर रिसर्ट्स बनाने के कुछ चर्चित मामले अभी हाल ही में सामने आ चुके हैं। सरकार का भू माफियाओं पर निर्णय नियंत्रण नहीं है और यही कारण है कि दबंगई के बल पर भोले भाले लोगों की जमीन है कब्जा कर या फिर विवादित जमीनों को बेचने का क्रम जारी है। इधर देहरादून प्रशासन ने इस दिशा में जरूर थोड़ी सजगता दिखाते हुए जमीनों का फर्जीवाड़ा करने वालों के खिलाफ गैंगस्टर लगाने का मन बना लिया है। हालांकि यह कितना कारगर साबित होता है या तो इस पर अमल होने के बाद ही नजर आएगा, लेकिन यह एक बड़ी सच्चाई है कि देहरादून में सरकारी जमीनों पर कब्जे करने के साथ ही जमीनों के फर्जीवाड़े के हजारों मामले आज भी पुलिस की फाइलों में धूल फांक रहे हैं। भू माफियाओं ने फरेस्ट्री से जुड़ी कुछ पुरानी कंपनियों की कई हेक्टेयर जमीन पर कब्जे कर उनकी रजिस्ट्री करा लोगों को जमीने भेज दी जबकि इन जमीनों के मामले आज की सुप्रीम कोर्ट में लंबित पड़े हुए हैं। इसमें गोल्डन फरेस्ट की जमीन है काफी चर्चाएं में है जिम में भू माफियाओं ने सारे नियम कानूनों को ताक पर रख प्लटिंग कर दी और जमीने लोगों को बेच डाली। निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में फरेस्ट्री कंपनी की जमीनों की खरीद करने वाले लोग परेशानियों में पड़ सकते हैं। राज्य सरकार को इस दिशा में सख्त नियम कानून बनाने की जरूरत है ताकि लोगों की जमा पूंजी पर डकैती डालने वाले भू माफियाओं को कड़ा दंड दिया जा सके।

# जनता के द्वार-धामी सरकार

(मोहिता-हिन्दुस्तान फीचर सेवा)

उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने मंत्रियों को जिलों में प्रवास करके जनता की समस्याएं सुनकर उनका समाधान करने और सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देने का निर्देश दिया है। विाानसभा स्तर पर भी मंत्रियों के कार्यक्रम होंगे। इस प्रकार पुष्कर सिंह ाामी की सरकार अब जनता के द्वार पर जा रही है। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय पिछले दिनों राज्य के दौरे पर आये थे और उन्होंने यह सुझाव दिया था। इस पर धामी सरकार ने अमल किया है। राज्य की कुछ समस्याएं भौगोलिक स्तर की हैं। इसके चलते युवाओं का पलायन होता है। इसको रोकने के लिए धामी सरकार ने सीमित साधनों में ही विकास कार्य के साथ रोजगार के अवसर पैदा करने का प्रयास किया है। केन्द्र सरकार की योजनाओं से भी जनता को आर्थिक आत्मनिर्भरता और स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है। इन सभी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंच रहा है। यही देखने के लिए मंत्रियों को जनपद प्रवास का निर्देश दिया गया है। धामी सरकार इस बात पर भी नजर रखेगी कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राज्य के 60 लाख लोगों को पौष्टिक पदार्थ सस्ते दाम पर उपलब हो सकें। खाद्य मंत्री रेखा आर्या ने इस योजना के लिए अफसरों के साथ विचार-विमर्श भी किया है। इसके तहत आयोडीन नमक, खाद्य तेल और पौष्टिक खाद्य पदार्थ राशन कार्ड ाारकों को रियायती मूल्य पर दिये जाएंगे।

बीते दिनों उत्तराखंड के दौरे पर आए राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम ने सरकार और संगठन के साथ बैठक कर मंत्रियों को जिलों में भेजने के निर्देश दिए थे। तब भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार को मंत्रियों के प्रवास कार्यक्रमों के प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। सीएम पुष्कर धामी आमतौर पर शनिवार और रविवार को जिलों के प्रवास कार्यक्रम बना रहे हैं। वे सात जिलों में प्रवास कर चुके हैं। कुलदीप ने बताया कि पहले चरण में मंत्री जिलों में प्रवास करेंगे। इसके बाद विधानसभा स्तर पर भी उनके कार्यक्रम तय होंगे। प्रवास के दौरान मंत्री जनता की समस्याओं से रूबरू होंगे और जिला स्तरीय अफसरों संग निस्तारण करेंगे।

मौजूदा समय में उत्तराखंड में विाायकों को विधायक निधि के रूप में एक वित्तीय वर्ष के लिए तीन करोड़ 75 लाख का बजट मिलता है, जबकि हिमाचल में यही राशि एक करोड़ अस्सी लाख के आसपास है।पड़ोसी राज्य यूपी में सालाना पांच करोड़ की विधायक निधि दी जाती है। उत्तराखंड में विधायकों की ताजा मांग पर सरकार क्या कदम उठाती है, ये देखने वाली बात होगी।

उत्तराखण्ड में पलायन, शराब और पहाड़ बचाओ मुख्य समस्या है। कई स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं में वक्ताओं ने बढ़ते पलायन के चलते कई गांव खाली होने पर चिंता जतायी है। पहाड़ के लिए भविष्य में यह गंभीर समस्या बन सकती है। इसलिए पलायन रोकने की दिशा में सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे। साथ ही शराब के प्रचलन को विकास में बाधक बताया। ब्लाक प्रमुख हिमानी नैनवाल ने युवाओं को शराब से दूर रहने की प्रेरणा दी। कहा कि शराब से समाज का तानाबाना टूट रहा है। डा. प्रमोद नैनवाल ने ग्रामीणों से परंपरागत खेती को अपनाने की अपील की। कहा कि इससे पलायन पर काबू पाया जा सकता है। उन्होंने रोजगार के मामले में पिछली सरकारों की नीतियों को भी जिम्मेदार बताते हुए कहा- पलायन जैसी पीड़ा को कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं समझ पा रहे हैं।

पलायन रोकने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए ठोस रणनीति बनाई जाएगी। सरकार का एक-एक पल उत्तराखंड की जनता के लिए समर्पित होगा।

अपनी सरकार के 100 दिन का कार्यकाल पूरा होने के अवसर पर सीएम आवास में ग्राम विकास विभाग की ओर से लाभार्थी सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत देहरादून जिले के 51 लाभार्थियों को चेक व चाभी सौंपकर सम्मानित किया था। इस योजना के तहत प्रदेश में कुल पांच हजार लाभार्थियों को आवासों का आवंटन किया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय षि विकास निधि (आईफैड) की वित्तीय सहायतित 771 करोड़ की ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि योजना (रूरल इंटरप्राइज एक्सलरेशन प्रोग्राम) का शुभारंभ किया।

सीएम कहते हैं कि सरकार विकल्प रहित संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। सरकार ने जनता से जो वादे किए हैं, उन्हें पूरा किया जाएगा। रूरल इंटरप्राइज एक्सलरेशन प्रोग्राम का लक्ष्य स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की आय में दोगुनी वृद्धि करने के लिए आजीविका संवर्द्धन को बढ़ावा देना है। यह परियोजना प्रदेश के सभी विकासखंडों में लागू होगी। इस योजना से स्वयं सहायता समूहों को बैंकों से वित्तीय सहायता देने के साथ उत्पादों की मार्केटिंग की जाएगी। उत्तराखंड 2025 तक हर क्षेत्र में अग्रणी राज्यों में शामिल हो इसके लिए पूरा रोडमैप तैयार किया जा रहा है।



**नई दिल्ली नगरपालिका के हाकिम हो या सीपीडब्लुडी के मंत्री या भारत के प्रधानमंत्री सबकी प्लानिंग, सबका विजन, सबका विकास, सबकी राजनीति, सबकी अमीरी का बीज तत्व है ठे-केदार और ठेकेदारी! 47 साल पहले लंदन का व्हाइट हल इलाका, याकि महारानी, प्रधानमंत्री, मंत्रालयों का इलाका जैसा था वैसा आज भी, ऋषि सुनक के प्रधानमंत्री बनने के वक्त में भी बीबीसी की हेलीकप्टर कवरेज से जस का तस जाहिर हुआ। ठीक विपरीत 1947 में नई दिल्ली और आज की नई दिल्ली में दिन-रात का अंतर है।**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरकार के 100 दिन पूर्ण होने के अवसर पर 'सर्वश्रेष्ठ बने उत्तराखंड अपना' पर आधारित 'हमारो पहाड़' ाारावाहिक के टाइटल सन्ग का विमोचन किया था। इस टाइटल सांग में उत्तराखंड की विकास यात्रा से संबंधित विभिन्न पहलुओं व राज्य सरकार की ओर से जनहित के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण कार्यों को दिखाया गया है।मुख्यमंत्री ने प्रदेश में स्थानीय निकाय रेहड़ी व ठेली वालों को अब लोन और वेंडिंग लाइसेंस दिये हैं। प्राानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत शहरी विकास विभाग ने इसका शासनादेश जारी किया था। इससे तहत स्ट्रीट वेंडरों को कई सुविधाएं मिल रही हैं। सचिव प्रभारी विनोद कुमार सुमन की ओर से जारी शासनादेश के मुताबिक, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थी वेंडरों को निकाय की ओर से नए वेंडिंग लाइसेंस पांच वर्ष की अवधि के लिए जारी किए जाएंगे। नगर निकाय की टीम फेरी व्यवसायी के कार्यस्थल या वेंडिंग जोन पर जाएगी और वहीं लाइसेंस जारी करेगी।

लोन के लिए भी उन्हें निकाय में बुलाने के बजाए निकाय की टीम को वहीं जाकर पूरी प्रक्रिया करनी होगी। हर नगर निकाय की जिम्मेदारी होगी कि वह फेरीवाले को बैंक के चक्कर काटने से बचाए और खुद अपनी टीम भेजकर उसका लोन पास कराए। बैंकों को यह भी कहा गया है कि चूंकि, फेरी व्यवसायियों को मिलने वाले लोन की गारंटी खुद केंद्र सरकार ने ली है। इसलिए बैंकों की ओर से लोन देने में आनाकानी नहीं चलेगी। सब्जी, फल, चना, मूंगफली जैसे फेरीवालों को ज्यादातर कर्ज लेना पड़ता है जो कि बहुत महंगा होता है। लिहाजा, शासनादेश में यह भी कहा गया है कि किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज पर फेरीवालों के लिए भी स्ट्रीट वेंडर क्रेडिट कार्ड बनाया जाए, ताकि जब भी उसे जरूरत हो, वह लोन ले सके। (हिफी)

# भगवान बिरसा मुंडा-जयन्ती (जीवनी) पर एक नजर

**इन्द्रभान उपाध्याय**

बिरसा मुण्डा का जन्म 15 नवम्बर 1875 के दशक में छोटा किसान के गरीब परिवार में हुआ था। मुण्डा एक जनजातीय समूह था जो छोटा नागपुर पठार (झारखण्ड) निवासी था। बिरसा जी को 1900 में आदिवासी लोंगो को संगठित देखकर ब्रिटिश सरकार ने आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया तथा उन्हें 2 साल का दण्ड दिया।

इनका जन्म मुंडा जनजाति के गरीब परिवार में पिता-सुगना पुर्ती(मुंडा) और माता-करमी पुर्ती(मुंडा) के सुपुत्र बिरसा पुर्ती (मुंडा) का जन्म 15 नवम्बर 1875 को झारखण्ड के खुटी जिले के उलीहातु गाँव में हुआ था। जो निषाद परिवार से थे, साल्गा गाँव में प्रारम्भिक पढाई के बाद इन्होंने चाईबासा जी0ई0एल0चार्च(गोस्नर एवंजिलकल लुथार) विधालय में पढ़ाई किये थे। इनका मन हमेशा अपने समाज लगा रहता था7ब्रिटिश शासकों द्वारा की गयी बुरी दशा पर सोचते रहते थे। उन्होंने मुण्डा7मुंडा लोगों को अंग्रेजों से मुक्ति पाने के लिये अपना नेतृत्व प्रदान किया।1894 में मानसून के छोटा नागपुर पठार, छोटानागपुर में असफल होने के कारण भयंकर अकाल और महामारी फैली हुई थी। बिरसा ने पूरे मनोयोग से अपने लोगों की सेवा की।

1 अक्टूबर 1894 को नौजवान नेता के रूप में सभी मुंडाओं को एकत्र कर इन्होंने अंग्रेजो से लगान (कर) माफी के लिये आन्दोलन किया। 1895 में उन्हें गिरफ्घ्तार कर लिया गया और हजारीबाग केन्द्रीय कारागार में दो साल के कारावास की सजा दी गयी। लेकिन बिरसा और उसके शिष्यों ने क्षेत्र की अकाल पीडिघ्त जनता की सहायता करने की ठान रखी थी और जिससे उन्होंने अपने जीवन काल में ही एक महापुरुष का दर्जा पाया। उन्हें उस इलाके के लोग धरती आबाके नाम से पुकारा और पूजा करते थे। उनके प्रभाव की वृद्धि के बाद पूरे इलाके के मुंडाओं में संगठित होने की चेतना जागी।

1897 से 1900 के बीच मुंडाओं और अंग्रेज सिपाहियों के बीच युद्ध होते रहे और बिरसा और उसके चाहने वाले लोगों ने अंग्रेजों की नाक में दम कर रखा था। अगस्त 1897 में बिरसा और उसके चार सौ सिपाहियों ने तीर कमानों से लैस होकर खूँटी थाने पर धावा बोला। 1898 में तांगा नदी के किनारे मुंडाओं की भिड़ंत अंग्रेज सेनाओं से हुई जिसमें पहले तो अंग्रेजी सेना हार गयी लेकिन बाद में इसके बदले उस इलाके के बहुत से आदिवासी नेताओं की गिरफ्घ्तारियाँ हुईं।

जनवरी 1900 डोम्बरी पहाड़ पर एक और संघर्ष हुआ था जिसमें बहुत सी औरतें व बच्चे मारे गये थे। उस जगह बिरसा अपनी जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। बाद में बिरसा के कुछ शिष्यों की गिरफ्घ्तारियाँ भी हुईं।

अन्त में स्वयं बिरसा भी 3 फरवरी 1900 को चक्रधरपुर के जमकोपाई जंगल से अंग्रेजों द्वारा गिरफ्घ्तार कर लिया गया। बिरसा ने अपनी अन्तिम साँसें 9 जून 1900 ई को आंग्रेजों द्वारा जहर देकर मर गया 71900 को राँची कारागार में लीं।

आज भी बिहार, उड़ीसा, झारखंड, छत्तीसगढ और पश्चिम बंगाल के आदिवासी इलाकों में बिरसा मुण्डा को भगवान की तरह पूजा जाता है। बिरसा मुण्डा की समाधि राँची में कोकर के निकट डिस्टिलरी पुल के पास स्थित है। वहीं उनका स्टेच्यू भी लगा है। उनकी स्मृति में रांची में बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारागार तथा बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय विमान क्षेत्र भी है।

10 नवंबर 2021 को भारत सरकार ने 15 नवंबर यानी बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की।

# कप 27: कितनी चुनौती और किससे

**अनिरुद्ध गौड़**

विश्व में कहीं गर्मी अधिक पड़ रही है, तो कहीं बहुत अधिक सर्दी। कहीं इतनी वर्षा हो रही है कि कई देश बाढ़ से परेशान हैं।

सारे संसाधन बौने साबित हो रहे हैं, वहां पानी ही पानी है। पहाड़ों पर लैंड स्लाइडिंग के मामले आम हो रहे हैं। कहीं इलाके सुखे से ग्रस्त हैं। समुद्र का तल भी कहीं घट-बढ़ रहा है, तो कहीं मौसम में भारी उथल-पुथल से मौसम का तापमान ऊपर-नीचे हो रहा है। कोहरा और तूफान के मामले भी बेहद गंभीर हैं। जंगलों में आग लगना आम हो रहा है। वैश्विक स्तर पर इस तरह असामान्य हो रहे भूमंडलीय तापमान और मौसम में दीर्घकालीन बदलाव, वैश्विक चिंता के विषय बने हुए हैं।

इसी वैश्विक समस्या को लेकर मंथन के लिए संयुक्त राष्ट्र की वार्षिक जलवायु परिवर्तन कन्फ्रेंस-कप27-6 से 18 नवम्बर के बीच मिस्त्र के शर्म अल-शेख शहर में हो रही है। मिस्त्र में होने वाले संयुक्त राष्ट्र के जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में वैश्विक तापमान की बढ़त को 15 डिग्री सेल्सियस से कम पर रोकने के लिए फंड जुटाने पर भी चर्चा होगी। भारत के पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव भी 7 नवम्बर को इस सम्मेलन को संबोधित करेंगे। वह 18 सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इतिहास के पन्नों में जाएं तो वैश्विक तापमान की बढ़ोतरी और मौसम के बदलावों को लेकर संयुक्त राष्ट्र में 1992 में चिंता की गई थी। पेरिस समझौते के जरिए जलवायु परिवर्तन और इसके नकारात्मक प्रभावों से निपटने को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा, सहयोग और समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया गया। विश्व भर में चिंता का विषय है कि बढ़ते वैश्विक तापमान और मौसम में अचानक परिवर्तन प्रातिक और मानवीय, दोनों गतिविधियों से प्रभावित हैं। माना गया है कि जीवन स्तर में बेहतरी की दौड़ में जीवाश्म ईधन के अनियंत्रित प्रयोग और औद्योगीकरण का जलवायु परिवर्तन पर विशेष प्रभाव पड़ा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि इस समस्या में सबसे बड़ा योगदान विकसित देशों का है, जो वैश्विक तापमान को कम करने के लिए सीधे तौर पर न तो अपने जीवन स्तर को पर्यावरण के अनुकूल बदलने को तैयार हैं, और न ही विकासशील और गरीब देशों को खुलकर आर्थिक मदद देने के लिए ही सहमत दिखाई देते हैं।

एक आंकड़े पर गौर करें तो विकसित देशों की आबादी पूरे विश्व की करीब 17 प्रतिशत है, लेकिन कार्बन उत्सर्जन की बात करें तो विकसित देश कुल उत्सर्जन का 60 प्रतिशत तक कार्बन उत्सर्जन करते हैं। वहीं भारत की आबादी पूरे विश्व की लगभग 17 प्रतिशत है, लेकिन भारत कुल वैश्विक उत्सर्जन का मात्र 4 से 5 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन करता है। कप26 में भारत ने इस आंकड़े को रख कर जलवायु परिवर्तन के प्रति वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिबद्धता रखी थी। कहा था कि इसके पीटे एक ही कारण है कि भारतीय जीवन शैली विकसित देशों की अपेक्षा पर्यावरण के प्रति अधिक अनुकूल है, और विकसित देशों के बराबर आबादी होने के बावजूद उनसे कम कार्बन उत्सर्जित करती है। हालांकि इस समस्या के सबसे अधिक जिम्मेदार विकसित देश हैं, फिर भी वे जलवायु परिवर्तन की समस्या का ठीकरा विकासशील देशों पर ही फोड़ते हैं। वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन में सुधार के लिए विकासशील देशों के वित्त पोषण के लिए कप27 में गरीब और विकसित देशों की मदद के लिए इस बार 100 अरब डलर यानी करीब 82 खरब रुपये की राशि देने का संकल्प टूटने समेत कई अन्य जलवायु में सुधार लाने की योजनाओं के कार्यान्वयन के मुद्दे भी इसमें शामिल हैं। जलवायु परिवर्तन पर कप27 में संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन कप26 के परिणामों को भी रखा जाएगा जो पिछले साल ब्रिटेन के ग्लासगो शहर में हुई थी। जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए कप27 महासम्मेलन में महवपूर्ण मुद्दों पर तो चर्चा होगी ही, साथ ही यह भी देखा जाएगा कि ग्रीनहाउस गैसों उत्सर्जन को तत्काल कम करने के लिए अभी तक सभी देशों ने अपनी योजनाओं में कितना लक्ष्य प्राप्त किया और क्या रह गया है ।

# जलवायु की जुबानी चिंता

**अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और अस्ट्रेलिया ने जलवायु परिवर्तन रोकने के लिए बने कोष में अपने हिस्से का पूरा चंदा नहीं दिया है। इस कोष का गठन जलवायु परिवर्तन रोकने के उपाय करने में विकासशील देशों की मदद के लिए किया गया था। गैर सरकारी संस्था कार्बन ब्रीफ ने कार्बन उत्सर्जन में विभिन्न देशों के हिस्से और उसके अनुपात में उनकी तरफ से दिए गए धन की तुलना करते हुए अपनी रिपोर्ट तैयार की है। इस रूप में उसने यह बताने की कोशिश की है कि जलवायु संकट का मुकाबला करने के मामले में इन देशों अपनी जिम्मेदारी किस हद तक निभाई है।**

धनी देश अपनी उच्च कार्बन उत्सर्जन आधारित जीवनशैली पर कोई समझौता करने को तैयार नहीं हैं। इसकी कीमत गरीब देश चुका रहे हैं। उन्हें राहत देन के लिए धनी देश अपने हिस्से का चंदा भी नहीं दे रहे हैं।

मिस्त्र के शहर शरम अल-शेख में चल रहे संयुक्त राष्ट्र के जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (कप-27) के दौरान कई महवपूर्ण जानकारियां सामने आई हैं। जिस सम्मेलन में चर्चा का मुख्य विषयवस्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए धन का इंतजाम है, वहां कुछ सामने आई जानकारियां बेहद महवपूर्ण हैं। मसलन, यह कि अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और अस्ट्रेलिया ने जलवायु परिवर्तन रोकने के लिए बने कोष में अपने हिस्से का पूरा चंदा नहीं दिया है। इस कोष का गठन जलवायु परिवर्तन रोकने के उपाय करने में विकासशील देशों की मदद के लिए किया गया था। गैर सरकारी संस्था कार्बन ब्रीफ ने कार्बन उत्सर्जन में विभिन्न देशों के हिस्से और उसके अनुपात में उनकी तरफ से दिए गए धन की तुलना करते हुए अपनी रिपोर्ट तैयार की है। इस रूप में उसने यह बताने की कोशिश की है कि जलवायु संकट का मुकाबला करने के मामले में इन देशों अपनी जिम्मेदारी किस हद तक निभाई है। धनी देशों ने 2020 तक जलवायु कोष में 100 बिलियन डलर का योगदान करने का वादा किया था। लेकिन इस समयसीमा के भीतर उन्होंने अपना वादा नहीं निभाया।कार्बन ब्रीफ के मुताबिक अतीत में अमेरिका की उत्सर्जन मात्रा के हिसाब से इस कोष के लिए उसका हिस्सा 40 बिलियन डलर बनता था। लेकिन 2020 तक उसने सिर्फ 7.6 बिलियन डलर का योगदान किया। अस्ट्रेलिया और कनाडा भी उत्सर्जन में अपने हिस्से की तुलना में सिर्फ एक तिहाई रकम का योगदान किया। ब्रिटेन ने अपने उत्सर्जन हिस्से की तुलना में 1.4 बिलियन डलर कम का चंदा दिया है। गौरतलब है कि जलवायु वार्ताओं के आरंभिक दौर में ही यह सहमति बनी थी कि जिन देशों ने कार्बन उत्सर्जन कर वातावरण को जितना नुकसान पहुंचाया है, उसी अनुपात में वे इस संकट का मुकाबला करने के लिए वित्तीय योगदान करेंगे। धनी देश अपनी उच्च कार्बन उत्सर्जन आधारित जीवनशैली पर कोई समझौता करने को तैयार नहीं हैं। इसकी कीमत गरीब देश चुका रहे हैं। इसके बावजूद धनी देश अपने हिस्से का चंदा भी नहीं दे रहे हैं। तो आखिर दुनिया जलवायु परिवर्तन से कैसे बचेगी?

# क्या खडगे नेता विपक्ष भी बने रहेंगे?



**हिंदी भाषी राज्यों के साथ साथ वे दक्षिण के राज्यों के नेताओं के साथ भी बेहतर तालमेल कर सकते हैं। इसके अलावा कर्नाटक विधानसभा चुनाव का भी हवाला उन्होंने दिया है। उनका कहना है कि उनको नेता विपक्ष बनाए रखने का फायदा कर्नाटक चुनाव में मिलेगा।**

संसद का शीतकालीन सत्र टल गया है। नवंबर के तीसरे हफ्ते की बजाय दिसंबर के पहले हफ्ते में सत्र शुरू होगा। बताया जा रहा है कि सात से 29 दिसंबर तक शीतकालीन सत्र चलने की संभावना है। तभी कांग्रेस पार्टी को राज्यसभा में अपना नेता तय करने का समय मिल गया है। ध्यान रहे मल्लिकार्जुन खडगे ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करते समय ही राज्यसभा में नेता पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि सोनिया गांधी ने उनका इस्तीफा मंजूर नहीं किया था। अब खडगे खुद अध्यक्ष हैं। लेकिन तय नहीं है कि वे खुद अपना इस्तीफा मंजूर करेंगे या कांग्रेस संसदीय दल की नेता के नाते सोनिया गांधी को ही उनका इस्तीफा मंजूर करना है।

जब तक उनका इस्तीफा मंजूर नहीं होता है तब तक वे राज्यसभा में नेता विपक्ष बने रहेंगे। यानी दो पदों की जिम्मेदारी उनके पास रहेगी। कहा जा रहा है कि उन्होंने सोनिया और राहुल गांधी को समझाया है कि उन्हें नेता विपक्ष रहने दिया जाए। उनका कहना है कि दोनों सदनों में कांग्रेस के नेता रहने की वजह से उन्होंने पिछले आठ साल में विपक्षी पार्टियों के साथ अच्छा तालमेल बैठाया है और वे बेहतर फ्लोर कोअर्डिनेशन करने की स्थिति में हैं। हिंदी भाषी राज्यों के साथ साथ वे दक्षिण के राज्यों के नेताओं के साथ भी बेहतर तालमेल कर सकते हैं। इसके अलावा कर्नाटक विधानसभा चुनाव का भी हवाला उन्होंने दिया है। उनका कहना है कि उनको नेता विपक्ष बनाए रखने का फायदा कर्नाटक चुनाव में मिलेगा।

हालांकि इन बातों का कोई मतलब नहीं है। क्योंकि कांग्रेस में राष्ट्रीय अध्यक्ष से बड़ा कोई पद नहीं है। हां, सोनिया, राहुल और कुछ पद तक प्रियंका गांधी वाड्रा जरूर उस पद से ऊपर हैं लेकिन अध्यक्ष से ऊपर कोई पद नहीं है। फिर जब खडगे अध्यक्ष हैं तो कर्नाटक में फायदा लेने के लिए किसी दूसरे पद पर रखने की जरूरत नहीं है। दूसरी बात यह है कि कांग्रेस ने उदयपुर के नव संकल्प शिविर में तय किया है कि एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत का पूरी तरह से पालन किया जाएगा। ऐसे में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए अपवाद बनाने से मैसेज अच्छा नहीं जाएगा।

कांग्रेस के जानकार सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस अध्यक्ष खडगे कुछ दिन तक नेता विपक्ष बने रह सकते हैं क्योंकि पार्टी को दिग्विजय सिंह को नया नेता विपक्ष बनाना है और वे इस समय राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में हैं। संसद का शीतकालीन सत्र दिसंबर के पहले हफ्ते में शुरू हो रहा है तो उस समय सदन को बिना नेता के नहीं छोड़ा जा सकता है। जनवरी के अंत में जब बजट सत्र शुरू होगा तब भी दिग्विजय सिंह यात्रा में ही होंगे। एक दिन पहले ही जयराम रमेश ने कहा कि राहुल गांधी, दिग्विजय सिंह और केसी वेणुगोपाल संसद के शीतकालीन सत्र में शामिल नहीं होंगे। तभी कहा जा रहा है कि दिग्विजय सिंह के यात्रा से लौटने तक नेता विपक्ष का पद खडगे के पास रह सकते हैं।

## कोरिया में कोरोना के 72,883 नए मामले आए सामने

**सोल , एजेंसी।** दक्षिण कोरिया में पिछले 24 घंटों में कोरोनावायरस (कोविड-19) संक्रमण के 72,883 नए मामले दर्ज किए, जिससे कुल संक्रमितों की संख्या 26,290,877 हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कोरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम एजेंसी (केडीसीए) ने बताया कि दैनिक कोरोना संक्रमण 23,765 मामले पिछले दिन की तुलना में, एक सप्ताह पहले 62,260 से अधिक रहा था। उन्होंने बताया कि पिछले एक हफ्ते में नए मामलों की दैनिक औसत संख्या 53,112 थी। एजेंसी के मुताबिक कोरोना के नए मामलों में 50 विदेश से आए हुए संक्रमित यात्री भी शामिल हैं। विदेशों से आये संक्रमितों के आंकड़े कुल मिलाकर 70,534 हो गए और संक्रमितों में से 412 मरीज गंभीर हालत में हैं, जो पिछले दिन की तुलना में एक कम है। उन्होंने बताया कि इसी अवधि में 29 मरीजों की मौत होने मृतकों की संख्या बढ़कर 29,748 हो गई।

## अमेरिका के एक विवि में गोलीबारी, तीन छात्रों की मौत

**रिचमंड ,एजेंसी।** शीर्ष रैंक वाले सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में से एक अमेरिका का वर्जीनिया विश्वविद्यालय में हुई गोलीबारी में तीन विद्यार्थियों की मौत हो गई। घटना रात करीब 10 बजकर 30 मिनट पर विश्वविद्यालय के चार्लोट्सविले परिसर में कलब्रेथ रोड पर हुई। उस दौरान फील्ड ट्रिप से लौट रहे छात्रों से भरी एक बस में गोलीबारी हुई। पुलिस ने बताया कि यह घटना उन्होंने बताया कि मृतकों में वर्जीनिया विश्वविद्यालय के दूसरे वर्ष के छात्र डेविन चांडलर, मियामी, फ्लोरिडा के चौथे वर्ष के छात्र डीसीन पेरी और दक्षिण कैरोलिना के रिच हिल के तीसरे वर्ष के छात्र लावेल डेविस शामिल है। पुलिस ने बताया कि इस घटना में एक संदिग्ध विद्यार्थी क्रिस्टोफर डार्नेल जोन्स जूनियर (22) है। उन्होंने कहा कि फील्ड ट्रिप से लौटने के बाद पीडिघ्तों के शव एक चार्टर बस के अंदर पाए गए।विश्वविद्यालय के अध्यक्ष जिम रयान ने कहा,मैं इस हिंसा से स्तब्ध हूं। उन्होंने घटना के दौरान विश्वविद्यालय का दौरा किया। पुलिस ने बताया कि हमले होने के पीटे अभी स्पष्ट जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। मामले को दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

## बाली में ऋषि सुनक से हुई पीएम मोदी की पहली मुलाकात

**बाली ,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडोनेशिया के बाली में जी-20 समिट में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। जी-20 शिखर वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक से पहली बार मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच काफी देर तक वार्ता हुई। बता दें कि भारतीय मूल के ।षि सुनक ब्रिटेन में हुई राजनीतिक अस्थिरता और लिज ट्रस के इस्तीफे के बाद अक्टूबर में कंजरवेटिव पार्टी के प्रमुख और यूके के प्रधानमंत्री बने हैं।

## दो युवकों की मौत, मचा कोहराम

**मेरठ ,(एजेंसी)।** जनपद के सरूरपुर में मेरठ-बड़ौत मार्ग पर कस्बा खिवाई के पास आमने-सामने दो बाइकों की भिड़ंत में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो को मेरठ रेफर कर दिया। रेफर हुए घायल में से एक और युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद मार्ग पर वाहनों की कतार लग गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइकों को मौके से हटाकर यातायात सुचारू कराया।

# मैनपुरी में डिंपल यादव के लिए वोट मांगेंगे शिवपाल, सपा ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची



**लखनऊ एजेंसी।** समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश की मैनपुरी सीट पर लोकसभा उपचुनाव (डंपदचनतप स्वा ैईीं ठल-म्सममबजपवद) के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। मैनपुरी में समाजवादी पार्टी की ओर से डिंपल यादव (क्पउचसम ल्कंअ) को केंडिडेट बनाया गया है। मंगलवार को जारी 40 स्टार प्रचारकों की सूची में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के चाचा व प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव (ैपअचंस ैपदही ल्कंअ) का भी नाम शामिल है। उनका नाम सूची में सातवें नंबर पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के बाद लिखा गया है।

समाजवादी पार्टी ने मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इस सूची में पार्टी मुखिया अखिलेश यादव, किरनमय नंदा, प्रो रामगोपाल यादव, आजम खां, जया बच्चन, स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ शिवपाल सिंह यादव का नाम भी शामिल किया गया है।

बता दें कि समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन से रिक्त हुई मैनपुरी संसदीय सीट पर उपचुनाव के लिए उनकी पुत्रवधू डिंपल यादव ने सोमवार को नामांकन कर दिया है। बेहद सादगी से हुए नामांकन के दौरान सपा मुखिया अखिलेश यादव सहित परिवार के तमाम सदस्य तो थे मगर शिवपाल कहीं नजर नहीं आए।

लोकसभा उपचुनाव के लिए सैफई परिवार में एकजुटता के दावों पर शिवपाल ने सवाल खड़े कर दिए हैं। सोमवार को नामांकन से पहले सपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने पत्रकारों से कहा कि शिवपाल से पूछकर ही प्रत्याशी तय किया गया है। वह भी आ ही रहे होंगे, मुझे जानकारी नहीं है। श्जागरणश ने जब प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल यादव से फोन पर वार्ता की तो उन्होंने कहा कि रामगोपाल ने तो हमसे बात नहीं की। हम इतना ही कह सकते हैं कि न हमारी उनसे बात हुई है और न ही उन्होंने हमसे पूछा है। गत 10 अक्टूबर को मुलायम सिंह यादव का निधन हो गया था। मुलायम सिंह मैनपुरी संसदीय सीट से सांसद थे। सपा ने अब उपचुनाव में डिंपल यादव को प्रत्याशी बनाया है। नामांकन के बाद डिंपल यादव ने जनता से आशीर्वाद मिलने का भरोसा जताया। अखिलेश यादव ने कहा कि नेताजी ने मैनपुरी के विकास का भरोसा दिलाने का काम किया। सपा उस भरोसे को टूटने नहीं देंगी। उनको सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि यहां की जनता आशीर्वाद के रूप में ज्यादा से ज्यादा वोट दे। परिवार की एकजुटता के सवाल पर कहा कि पूरा परिवार एक साथ है।

## गुजरात के सूरत में 2 किलो एमडी ड्रग्स जब्त, एक गिरफ्तार

**सूरत ,(एजेंसी)।** पुलिस ने गुजरात के सूरत शहर में एक दुकान और एक वाणिज्यिक परिसर के बेसमेंट से 2.176 किलोग्राम एमडी ड्रग्स और नकदी बरामद की है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अमरोली थाने के एक अधिकारी के मुताबिक, एक पुलिस अधिकारी को सूचना मिली थी कि एक ड्रग पेडलर ने एक व्यावसायिक परिसर के बेसमेंट में एक दुकान और कार में ड्रग्स छिपा रखा है। इसके बाद इसने रविवार रात दुकान नंबर 29 और परिसर के बेसमेंट में खड़ी एक कार में तलाशी ली और नशीले पदार्थो की ढुलाई के साथ-साथ 2,68,000 रुपये नकद भी बरामद किए। बरामद्गी का कुल मूल्य ड्रग्स और नकद 2.17 करोड़ रुपये है।

पुलिस ने इस सिलसिले में ड्रग पेडलर मुबारक बंदिया को गिरफ्तार किया है।

## गुजरात चुनाव : उम्मीदवारों के चयन को लेकर भाजपा, कांग्रेस कार्यकर्ता नाराज

**गांधीनगर ,(एजेंसी)।** गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए कुछ उम्मीदवारों के चयन को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस दोनों के पार्टी कार्यकर्ता अपने-अपने नेतृत्व से नाराज नजर आ रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांधीनगर में पार्टी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया, जबकि कांग्रेस की छात्र शाखा एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने खडिया-जमालपुर में इमरान खेड़ावाला को फिर से नामित करने के लिए एक वरिष्ठ नेता पर रिश्वत लेने का आरोप लगाते हुए पार्टी के राज्य कार्यालय में तोडफोड़ की।

एनएसयूआई के सदस्यों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भरतसिंह सोलंकी ने यह सीट 50 करोड़ रुपये में बेच दी।एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कहा कि चूंकि एआईएमआईएम ने एक मुस्लिम उम्मीदवार को खड़ा किया है, अगर कांग्रेस भी एक मुस्लिम उम्मीदवार को नामांकित करती है, तो भाजपा के हिंदू उम्मीदवार आसानी से चुने जाएंगे। एक कार्यकर्ता ने कहा, इसलिए, पार्टी को सीट जीतने के लिए एक हिंदू उम्मीदवार को नामांकित करना चाहिए था।इस बीच, बायद के पूर्व विधायक धवलसिंह जाला और उनके समर्थक भीखिबेन परमार को नामित करने के भाजपा के फैसले से नाखुश हैं।जाला के समर्थकों और कुछ पार्टी कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर उनसे एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लडने का आग्रह किया।सूत्रों के मुताबिक, जाला ने अभी तक इस प्रस्ताव पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन कहा कि श्उचित समय पर निर्णय लिया जाएगा।बयाड़ निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता सोमवार को यहां आए और पार्टी की राज्य इकाई के कार्यालय पर धरना दिया।

## तिरुवनंतपुरम के मेयर राजेंद्रन ने कांग्रेस सांसद के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया

**तिरुवनंतपुरम ,(एजेंसी)।** परेशान युवा तिरुवनंतपुरम नगर निगम के मेयर आर्या राजेंद्रन ने कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य जेब़ी. मेथर के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया। आर्या इस समय सीपीआई-एम की वरिष्ठ नेता हैं और वह तिरुवनंतपुरम के जिला सचिव, अनवूर नागप्पन को कथित पत्र के बाद एक श्प्राथमिकता सूची की मांग के बाद विवादों में फंस गई हैं, क्योंकि नागरिक निकाय में 295 अस्थायी रिक्तियां हैं।

भाजपा और कांग्रेस सबसे कम उम्र के भ्रष्ट महापौर के इस्तीफे की मांग को लेकर निगम कार्यालय के सामने हथियार लहरा रहे हैं और उनका विरोध सोमवार को छठे दिन में प्रवेश कर गया।

हालांकि, आर्या राजेंद्रन ने इस बात से इनकार किया कि उन्होंने कभी ऐसा पत्र लिखा था, जबकि नागप्पन ने कहा कि उन्हें ऐसा पत्र कभी नहीं मिला। यह अपराध शाखा पुलिस और सतर्कता जांच टीमों को बताया गया था, लेकिन पत्र अभी तक सामने नहीं आया है।

मेथर, जो महिला कांग्रेस की प्रमुख भी हैं, ने पिछले हफ्ते पार्टी के एक विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए एक बैग पर एक पोस्टर चिपका दिया था, जिसमें युवा मेयर से पूछा गया था, पया पैसे के साथ कोझीकोड वापस आएं। उन्होंने आर्या को श्मेयरकुट्टी के रूप में भी संबोधित किया। कुट्टी आमतौर पर युवाओं के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक कठबोली है।

टीवी चौनलों द्वारा इस पोस्टर को उजागर किए जाने के साथ आर्या राजेंद्रन ने कहा कि वह मेथर के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करेंगी जो उन्होंने सोमवार को किया था और मेथर को सार्वजनिक रूप से माफी मांगने या कार्रवाई का सामना करने के लिए एक दीवानी और आपराधिक मानहानि का मामला दायर किया था।प्रतिक्रिया में, मेथर ने कहा कि नोटिस मिलने के बाद वह निश्चित रूप से कुल जवाब देगी और कानूनी कार्यवाही को आगे बढ़ाएगी।

## अनुसूचित जनजाति का दर्जा चाह रहे छह जातीय समूहों ने असम बंद का आह्वान किया

**गुवाहाटी ,एजेंसी।** असम के छह जातीय समुदायों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग करने वाले मंच श्सोय जनगोष्ठी जौथा मंच ने एजेंसी (मंगलवार) को राज्यव्यापी बंद का आह्वान किया है। निकाय छह जातीय समुदायों का एक छत्र संगठन है आदिवासी, चुटिया, कोच-राजबंशी, मटक, मोरन और ताई-अहोम।फोरम ने दावा किया कि एसटी दर्जे की मांग लंबे समय से लंबित है और न तो राज्य और न ही केंद्र सरकार इस मुद्दे पर कोई उचित कदम उठाने को इच्टुक है। इसने राज्य और केंद्र की भाजपा सरकारों पर छह समुदायों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का भी आरोप लगाया।

## गोवा में बागी विधायकों की सदस्यता खत्म करने को याचिका दाखिल करेंगी कांग्रेस

**पणजी ,(एजेंसी)।** कांग्रेस उन आठ विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिका दायर करने जा रही है, जिन्होंने सितंबर में गोवा कांग्रेस विधायक दल का भाजपा में विलय किया था। गौरतलब है कि 14 सितंबर को पूर्व मुख्यमंत्री द्गिंबर कामत, माइकल लोबो, डेलिलाह लोबो, केदार नाइक, संकल्प अमोनकर, राजेश फलदेसाई, अलेक्सो सिकेरा और रुडोल्फ फर्नाडीस ने खुद का भाजपा में विलय कर लिया था। इससे 40 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के मात्र तीन विधायक ही रह गए।

गोवा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित पाटकर ने कहा, बीजेपी ने इन विधायकों को पार्टी बदलने के लिए बड़ी रकम दी थी और कुछ को कैबिनेट में जगह देने का आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन उनके बीच कुछ भ्रम है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस इन आठ विधायकों के खिलाफ इसी सप्ताह अयोग्यता याचिका दाखिल करेगी।कांग्रेस विधायक कार्लोस फरेरा ने कहा, हम कुछ सामग्रियों की तलाश कर रहे हैं, यही वजह है कि याचिका दायर करने में देरी हो रही है।

फरेरा ने कहा कि कांग्रेस यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेगी कि भविष्य में इस तरह के सिद्धांतहीन दलबदल न हों।

गोवा फरवर्ड पार्टी के अध्यक्ष और विधायक विजय सरदेसाई ने हाल ही में आरोप लगाया था कि इन बागी विधायकों को कैबिनेट में स्थान नहीं मिला है क्योंकि उन्हें श्खरीदा गया था। सरदेसाई ने कहा था, उन्हें भाजपा ने खरीद लिया हैं, इस वजह से वे किसी पद की मांग नहीं कर सकते।

इस संबंध में पूछने पर गोवा भाजपा अध्यक्ष सदानंद तनावडे ने कोई भी प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया।गोवा इकाई राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के महासचिव दिग्विजय वेलिंगकर ने कहा कि कांग्रेस के ये आठ बागी कार्रवाई के डर से किसी पद की मांग करने की हिम्मत नहीं करेंगे।

## मिजोरम में पत्थर खदान ढहने से 8 मजदूरों की मौत, 4 अन्य की तलाश जारी

**आइजोल ,(एजेंसी)।** मिजोरम के हनथियाल जिले के मौदढ़ में पत्थर खदान का एक बड़ा हिस्सा गिरने से 8 मजदूरों की मौत हो गई है। 4 अन्य मजदूरों की अभी भी तलाश जारी है, जिनके अभी भी फंसे रहने की आशंका है। मिजोरम आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि एक निजी कंपनी की पत्थर खदान का एक बड़ा हिस्सा अचानक उस समय धराशायी हो गया जब मजदूर पत्थर के गड्ढे में काम कर रहे थे।

अब तक 8 शवों को बाहर निकाला जा चुका है, जबकि विभिन्न एजेंसियों द्वारा बचाव अभियान जारी था। इलाके के कुछ ग्रामीणों के मुताबिक हादसा उस वक्त हुआ जब मजदूर लंच ब्रेक से लौट रहे थे। हनथियाल जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय गुरुंग ने खदान में काम देखने वाले एक ठेकेदार के हवाले से कहा कि लगभग 12 लोगों की मौत होने की सूचना है। गुरुंग ने कहा, हालांकि मरने वालों की सही संख्या का पता बचाव अभियान के पूरा होने के बाद चलेगा।

इस बीच, आपदा प्रबंधन अधिकारी ने कहा कि उन्हें अभी तक हनथियाल जिले के उपायुक्त से विस्तृत रिपोर्ट नहीं मिली है, लेकिन उन्हें बताया गया कि खदान में पांच उत्खनन और अन्य ड्रिलिंग मशीनें दब गई हैं। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि मजदूर ज्यादातर मिजोरम से बाहर के हैं।आइजोल से करीब 160 किमी दूर स्थित पत्थर की खदान ढाई साल से चालू थी। हादसे के बाद आपदा प्रबंधन अधिकारी, जिला प्रशासन, पुलिस और यंग मिजो एसोसिएशन के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया।

## मोरबी हादसे पर हाईकोर्ट की गुजरात सरकार को फटकार, आपको होशियारी दिखाने की जरूरत नहीं

**अहमदाबाद ,(एजेंसी)।** गुजरात हाई कोर्ट ने मोरबी पुल हादसे पर स्वतरू संज्ञान ली गई जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की। अदालत ने टेंडर जारी करने में पाई गई खामियों को लेकर राज्य सरकार और मोरबी नगर निगम को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि मोरबी नगर पालिका को होशियारी दिखाने की जरूरत नहीं है।चीफ जस्टिस अरविंद कुमार की अध्यक्षता वाली पीठ ने सवाल किया कि 15 जून 2016 को कन्ट्रैक्टर का टर्म समाप्त हो जाने के बाद भी नया टेंडर क्यों नहीं जारी किया गया? बिना टेंडर के एक व्यक्ति के प्रति राज्य की ओर से कितनी उदारता दिखाई गई? अदालत ने कहा कि राज्य को उन कारणों को बताना चाहिए।

## अमेरिका ने रूस को हथियार आपूर्ति करने वाले नेटवर्क को किया प्रतिबंधित, कहा- चुकानी होगी बड़ी कीमत



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने रूस के हथियारों की आपूर्ति करने वाले एक नेटवर्क को निशाना बनाते हुए उससे जुड़े 14 लोगों व 28 प्रतिष्ठानों को प्रतिबंधित कर दिया। अमेरिका का दावा है कि ये लोग व प्रतिष्ठान उस अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का हिस्सा थे, जो हथियार खरीदकर यूक्रेन पर हमले के लिए रूस को आपूर्ति करता है। वाशिंगटन स्थित रूसी दूतावास ने इस कार्रवाई को ब्लैकमेल करार दिया है। अमेरिकी ट्रेजरी ने रूसी कारोबारी सुलेइमान केरिमोव के पारिवारिक सदस्यों तथा सुलेइमान के नेटवर्क को वित्तीय सुविधा उपलब्ध कराने वाले अन्य लोगों को भी प्रतिबंधित किया है।

विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने एक बयान में कहा, अमेरिका, रूस को हथियार आपूर्ति करने वाली श्रृंखला को बाधित करने का प्रयास जारी रखेगा। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन व यूक्रेन में क्रूरता बरतने वालों के मददगारों को बड़ी कीमत चुकानी होगी। अमेरिकी ट्रेजरी ने रूसी माइक्रोइलेक्ट्रानिक्स कंपनी को काली सूची में डाला है, जिसके बारे में आरोप है कि वह मास्को की सेना की अनुसंधान एवं विकास इकाई का हिस्सा है। उसने कंपनी से जुड़े तीन प्रतिष्ठानों व कई पदाधिकारियों को भी काली सूची में डाला है।

इस बीच, मंगलवार को एक वीडियो जारी हुआ है, जिसमें दक्षिणी यूक्रेन के खेरसान प्रांत की डेनिप्रो नदी के किनारे पर रूसी सैनिक शांत दिखाई दे रहे हैं। रूस ने डेनिप्रो नदी के विस्तृत क्षेत्र से अपने बलों की वापसी का एलान किया है। ओलेस्की शहर के एक वीडियो में कहीं भी रूसी सैनिक नहीं दिखाई देते। रूसी सैन्य बलों की वापसी के बाद यूक्रेनी गांवों में परिवारों की वापसी होने लगी है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अमेरिका व चीन द्वारा रूस को युद्ध में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल न करने की चेतावनी दिए जाने का स्वागत किया है।यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने ब्रसेल्स में संवाददाताओं से कहा कि सदस्य देशों को हथियारों की खरीद अथवा यूक्रेन को सैन्य उपकरणों की आपूर्ति के लिए आपस में प्रतिस्पर्धा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा, श्हमें साथ मिलकर बेहतर कीमत, बेहतर गुणवत्ता व समय पर ध्यान देना चाहिए।श यूरोपीय संघ ने सदस्य देशों से एकसाथ हथियारों की खरीद की अपील की है, ताकि आपस में प्रतिस्पर्धा न हो।

## इंडिया के प्रमुख अभिजीत बोस ने दिया इस्तीफा

### मेटा के पब्लिक पलिसी हेड ने भी छोड़ा पद




**नई दिल्ली, एजेंसी ।** एलन मस्क द्वारा ट्विटर अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शुरु हुआ छटनी का दौर लगातार बढ़ रहा है। बीते दिनों टेक दिग्गज मेटा ने अपने 11 हजार कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया था। कंपनी ने इसके पीटे लागत क्षमता में कटौती का हवाला दिया था। जिसके बाद आज व्हाट्सएप इंडिया के प्रमुख अभिजीत बोस और मेटा के पब्लिक पलिसी प्रमुख राजीव अग्रवाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

कंपनी ने शिवनाथ ठुकराल को मेटा इंडिया पब्लिक पलिसी का प्रभार दिया है। वो वर्तमान में भारत में व्हाट्सएप पब्लिक पलिसी के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। व्हाट्सएप के प्रमुख विल कैथकार्ट ने अपने एक बयान में बोस का धन्यवाद करते हुए कहा कि, मैं भारत में व्हाट्सएप के हमारे पहले प्रमुख के रूप में उनके जबरदस्त योगदान के लिए अभिजीत बोस को धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने हमारी टीम को नई सेवाएं प्रदान करने में मदद की, जिससे लाखों लोगों को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि व्हाट्सएप भारत के लिए बहुत कुछ कर सकता है। हम व्हाट्सएप के जरिए भारत के डिजिटल परिवर्तन को लेकर उत्साहित हैं।

बोस फरवरी 2019 में भारत में व्हाट्सएप के पहले कंट्री हेड के रूप में जुड़े थे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि व्हाट्सएप की सभी टीमों के लिए सप्ताह कठिनाईयों से भरा रहा है। बोस ने कहा कि वह एक छोटे से ब्रेक के बाद फिर से वापसी करेंगे। वहीं, ठुकराल भारत में फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप के सार्वजनिक नीति मामलों के लिए जिम्मेदार होंगे। मेटा ने अपने एक बयान में कहा है कि वह अपनी प्राथमिकता के तौर पर भारत के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## तेज रफ्तार कार ने मारी ई रिक्शा को टक्कर, 2 स्कूली बच्चों समेत 6 घायल

**नोएडा ,(एजेंसी)।** नोएडा के सेक्टर 39 थाना इलाके में तेज रफ्तार कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी है। इस घटना में 6 लोग घायल हो गए जिसमें 2 स्कूली बच्चे भी शामिल हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने 2 लड़कों को हिरासत में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, नोएडा के अघाहपुर के पास तेज रफ्तार कार ने आगे चल रहे ई रिक्शा को जबरदस्त टक्कर मार दी। जिसमें ई रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। ई रिक्शा में बैठी सवारी इस घटना में घायल हो गई।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कार सवार दो लड़कों को हिरासत में ले लिया गया है। लड़के अपने दोस्त की बर्थडे पार्टी से लौट रहे थे।

## सोशल मीडिया पर खुद श्रद्धा बना हुआ था आफताब, इंटरनेट पर सीखा था लाश के टुकड़े करना

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** श्रद्धा वाकर की जघन्य हत्या की जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी आफताब अमीन पूनावाला ने श्रद्धा के जिंदा होने का आभास देने के लिए जून तक उसके इंस्टाग्राम अकाउंट का इस्तेमाल किया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वहीं, श्रद्धा की लाश के टुकड़े जिस जंगल में आफताब ने दें के थे पुलिस उसी जंगल में आफताब को लेकर पहुंची। सूत्रों के मुताबिक जंगल से 10 टुकड़े मिले हैं और पुलिस को शक है कि ये श्रद्धा के शव के हैं। बाकी डीएनए जांच के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। श्रद्धा की हत्या करने के बाद आफताब ने खून साफ करने का तरीका गूगल पर ढूंढा था। फिल्म से प्रेरित होने के बाद भी उसने बडी को काटने के लिए गूगल किया था। एसिड से फर्श को साफ करने के बाद डीएनए हटाने के लिए भी आफताब ने गंभीरता से काम किया था। श्रद्धा के दोस्त रजत शुक्ला ने बताया कि 2019 के बाद श्रद्धा काफी रिजर्व रहने लगी थी। जब से यह खबर मीडिया में आई है छतरपुर पहाड़ी की गली नंबर 1 के रहने वाले लोग यह सोचकर हैरान हैं कि कभी उस लड़के के चेहरे पर तनाव के भाव नहीं दिखे। उसने 10 हजार रुपये महीने पर हाउस नंबर 93द्1 में किराए पर कमरा लिया था। किसी ने भी उसे हैरान-परेशान नहीं देखा। पड़ोस में रहने वाली कुसुम लता ने बताया, श्वह एक सामान्य व्यक्ति की तरह बर्ताव करता था और हमेशा उसके चेहरे पर शांति का भाव दिखता था। वह इस फ्लैट में 15 मई को ही आया था और तीन दिन बाद उसने वाकर की हत्या कर दी थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि पूनावाला आमतौर पर खाने की डिलिवरी लेने और किराने का सामान लेने के लिए ही बाहर निकलता था।पूनावाला को शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी के महरौली इलाके में अपने लिव-इन पार्टनर की 18 मई को हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। बताया जा रहा है कि उसने श्रद्धा के शरीर के 35 टुकड़े कर 18 दिनों के भीतर अलग-अलग जगहों पर दें के। जांचकर्ताओं ने कहा कि पुलिस की टीमें अधिक जानकारी हासिल करने के लिए उसके फोन को स्कैन कर रही हैं।

# वनडे वर्ल्ड कप 2023 के लिए टीम इंडिया को फेवरेट बताना बकवास होगा



## इंग्लिश क्रिकेटर का चौंकाने वाला बयान

नई दिल्ली, इंग्लैंड की टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2022 का खिताब जीता और वो क्रिकेट इतिहास की पहली ऐसी टीम बन गई जो वनडे चैंपियन रहते हुए अब टी20 चैंपियन भी है। 2019 वनडे वर्ल्ड कप में इंग्लैंड ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराया था जबकि 2022 में टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में इस टीम ने पाकिस्तान को मात दी।

सिमित ओवर्स के क्रिकेट में इंग्लैंड ने जिस तरह से अपना वर्चस्व बनाया है इसके बाद इस बात की चर्चा की जाने लगी है कि क्या ये टीम सफेद गेंद के क्रिकेट में वर्ल्ड की सबसे बेस्ट टीम है। साल 2015 वनडे वर्ल्ड कप में मिली हार के बाद इंग्लैंड में बड़ा बदलाव आया और रिजल्ट अब सभी के सामने है।

आइसीसी के पिछले पांच इवेंट में इंग्लैंड ने फाइनल में जगह बनाई और दो बार जीत हासिल की। वहीं इस सबसे बीच वो टी20 और वनडे क्रिकेट रैंकिंग में हमेशा ही टाप तीन में रहे और अपनी आक्रामक मानसिकता के साथ सफेद गेंद वाले क्रिकेट में क्रांति लाने में काफी हद तक जिम्मेदार रहे। अब इंग्लैंड के प्रदर्शन और वर्ल्ड क्रिकेट में इस टीम की धाक को देखते हुए पूर्व क्रिकेटर माइकल वान ने इस टीम को वनडे वर्ल्ड कप 2023 का सबसे बड़ा दावेदार बताया है साथ ही उन्होंने कहा कि इस इवेंट के लिए टीम इंडिया को पसंदीदा बताना पूरी तरह से बकवास होगा।

माइकल वान ने डेली टेलीग्राफ में लिखा कि इंग्लैंड के लिए अब अगला लक्ष्य भारत में अगले साल आयोजित होने वाला वनडे वर्ल्ड कप होगा। इंग्लैंड के पास अच्छे स्पिनर्स हैं और इसकी वजह से आपको उन्हें उस टूर्नामेंट के सबसे पसंदीदा टीम के रूप में देखना होगा। वहीं जब भारतीय धरती पर इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा तो वहां के लोग इस टीम को पसंदीदा के रूप में देखेंगे जो पूरी तरह से बकवास होगा। इंग्लैंड बिना किसी सवाल के सबको हराने वाली टीम होगी और आने वाले कुछ वर्षों तक ऐसा ही रहने वाला है। अभी इंग्लैंड की जो टीम है वो ट्रेंड सेटिंग टीम है और दुनिया की अन्य टीमों के उनका अनुकरण करना चाहिए।

# भारतीय टी20 क्रिकेट में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं धौनी



नई दिल्ली, आइसीसी इवेंट में एक बार फिर से फेल होने के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड यानी बीसीसीआइ उस पूर्व खिलाड़ी का दरवाजा खटखटाने के लिए तैयार दिख रही है जिन्होंने इस देश को दो बार वर्ल्ड चैंपियन (2007, 2011) बनाया। आस्ट्रेलिया में आयोजति टी20 वर्ल्ड कप 2022 में भारतीय टीम के फेल होने के बाद बीसीसीआइ अब भारतीय टी20 के सेटअप में एम एस धौनी को बड़ी जिम्मेदारी सौंपना चाहती है और इसके लिए एसओएस भेजने के लिए तैयार है। बीसीसीआइ के सूत्रों के मुताबिक, बोर्ड भारतीय क्रिकेट में स्थायी भूमिका के लिए धौनी को बुलाने पर विचार कर रहा है।

द टेलीग्राफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआइ को लगता है कि हेड कोच राहुल द्रविड़ के लिए तीनों प्रारूपों के प्रबंधन का भार बहुत अधिक है। यही कारण है कि बीसीसीआइ कोचिंग भूमिकाओं को विभाजित करने पर भी विचार कर रहा है। बोर्ड टी20 प्रारूप में धौनी को शामिल करने और भारतीय क्रिकेट टीम के स्तर को ऊपर उठाने के लिए उनके क्रिकेटिंग ज्ञान का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करना चाहता है। रिपोर्ट के अनुसार इस मुद्दे पर इस महीने के अंत में एपेक्स काउंसिल की बैठक के दौरान चर्चा की जाएगी। अगर सब कुछ ठीक रहा तो धौनी को टी20 सेटअप के लिए डायरेक्टर आफ क्रिकेट के तौर पर अप्वाइंट किया जा सकता है।

आपको बता दें कि टी20 वर्ल्ड कप 2021 में भी धौनी को भारतीय टीम के साथ जोड़ा गया था, लेकिन टीम इस टूर्नामेंट में ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई थी। हालांकि बीसीसीआइ को लगता है कि धौनी को अगर बड़ी जिम्मेदारी के साथ अगर जोड़ा जाता है तो निश्चित रूप से भारतीय टी20 टीम का काफी फायदा होगा। टेलीग्राफ के रिपोर्ट में दावा किया गया है कि धौनी आइपीएल 2023 के बाद इससे भी संन्यास ले सकते हैं और ऐसे में बीसीसीआइ उनके अनुभव और तकनीकी कौशल का सही तरीके से उपयोग करने के लिए बहुत ही ज्यादा उत्सुक है।



# भारत को जीतनी है टी20 सीरीज तो न्यूजीलैंड के इन खिलाड़ियों से रहना होगा सावधान!



नई दिल्ली,भारतीय टीम हार्दिक पांड्या की कप्तानी में न्यूजीलैंड से तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। 18 नवंबर को पहला मैच खेला जाएगा। इसको लेकर भारतीय टीम ने तैयारी शुरू कर दी है। हाल ही में खत्म हुए टी20 विश्व कप में हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव का बल्ला खूब चला है। न्यूजीलैंड में मार्टिन गुप्टिल के स्थान पर युवा फिन एलन को मौका दिया गया है जो वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा थे जबकि ट्रेंट बोल्ट की जगह और किसी को मौका नहीं मिला है। टिम साउथी और लॉकी फॉर्ग्यूसन तेज गेंदबाजी अटैक का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारत को न्यूजीलैंड के कुछ प्लेयरों के लिए खास प्लानिंग करनी होगी।

**केन विलियमसन हैं फॉर्म में**

टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड ने जिस तरीके से प्रदर्शन किया। वह लाजवाब था। हालांकि टीम सेमीफाइनल में पाकिस्तान से हार गई थी, लेकिन न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन फॉर्म में हैं। विलियमसन ने टी20 विश्व कप की पांच पारियों में 35.60 की औसत और 116.34 की स्ट्राइक रेट से 178 रन बनाए हैं। इसमें हाईएस्ट स्कोर 61 रन रहा है।

**ग्लेन फिलिप्स से रहना होगा सावधान**

टी20 विश्व कप में ग्लेन फिलिप्स का भी बल्ला खूब चला है। पांच मैच में 40.20 की औसत और 158.27 की स्ट्राइक रेट से 201 रन बनाए। श्रीलंका के खिलाफ ग्लेन फिलिप्स ने 64 गेंद 104 रन की शानदार पारी खेली थी।

**फिन एलन इंडिया के खिलाफ पहली बार खेलेंगे**

फिन एलन ने टी20 विश्व कप में अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच में 16 गेंद पर 42 रन की धामेदार बल्लेबाजी की थी। फिन एलन अभी तक 23 टी20क मैच खेल चुके हैं। वह पहली बार भारत के लिए उतरें। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी भारतीया गेंदबाजों के लिए चिंता का विषय हो सकती है।

**मिचेल सैंटनर विकेट लेने में माहिर**

न्यूजीलैंड के स्पिनर मिचेल सैंटनर बल्ले और गेंद दोनों से कमाल करने में माहिर हैं। टी20 विश्व कप में सैंटनर ने पांच मैच में 9 विकेट हासिल किया था। सैंटनर चेन्नई सुपरकिंग्स से आईपीएल मैच भी खेलते रहे हैं। वही भारतीय बल्लेबाजों को अच्छे से जानते हैं।

## हार्दिक पांड्या की कप्तानी में टी–20 में नई शुरुआत को तैयार भारत

नई दिल्ली। टी–20 विश्व कप सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों हारकर बाहर होने वाली टीम इंडिया न्यूजीलैंड दौरे पर हार्दिक पांड्या की कप्तानी में फटाफट क्रिकेट में नई शुरुआत करने उतरेगी। रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल समेत कई खिलाड़ियों को न्यूजीलैंड दौरे पर आराम दिया गया है। वहीं नियमित कोच राहुल द्रविड़ की जगह वीवीएस लक्ष्मण को न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का कोच बनाया गया है। भारत को न्यूजीलैंड के विरुद्ध 18 नवंबर से तीन टी–20 मैचों की सीरीज खेलनी है, लेकिन उससे पहले नए कप्तान और कोच के लिए टीम संयोजन बड़ी चुनौती होगा। कौन करेगा ओपनिंग : रोहित और केएल के नहीं होने पर ओपनिंग कौन करेगा, यह सबसे अहम सवाल है। टीम के पास शुभमन गिल, इशान किशन, संजू सैमसन और रिषभ पंत हैं, जो ओपन कर सकते हैं।

# फिल्मी गपशप

## शाहिद कपूर मलयालम निर्देशक रोशन एंड्रयूज की फिल्म में आएंगे नजर



जाने–माने मलयालम निर्देशक रोशन एंड्रयूज की फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की एंट्री हो गई है। वह रोशन की फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। फिलहाल इस फिल्म का शीर्षक निर्धारित नहीं किया गया है। इसकी स्क्रिप्ट बॉबी–संजय मिलकर लिखेंगे। फिल्ममेकर रोशन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखकर इस प्रोजेक्ट की घोषणा की है। उन्होंने शाहिद के साथ काम करने को लेकर अपनी खुशी जताई है।

रोशन ने फेसबुक पर शाहिद के साथ फिल्म करने की जानकारी दी है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के सर्वश्रेष्ठ अभिनेताओं में से एक शाहिद कपूर के साथ अपनी अगली फिल्म की घोषणा करते हुए मुझे वास्तव में खुशी हो रही है। लेखक बॉबी और संजय इसकी स्क्रिप्ट लिखेंगे और लेखक हुसैन दलाल संवाद लेखन का काम करेंगे। इसका निर्माण सिद्धार्थ रॉय कपूर अपने बैनर आरकेएफ के तहत करने जा रहे हैं।

फिल्म के प्री–प्रोडक्शन का काम 16 नवंबर को शुरू होगा। शाहिद इसमें पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आ सकते हैं। हालांकि, उनके किरदार को लेकर विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। रोशन ने बताया कि उन्होंने करियर में अलग–अलग तरह की फिल्में बनाई हैं। उन्होंने कहा, मैंने खुद को अपडेट किया, लेकिन अलग–अलग तरह की फिल्में बनाने की कोशिश कभी नहीं छोड़ी। मुझे स्वीकार करने और प्रोत्साहित करने के लिए धन्यवाद। मैं जल्द वापस आऊंगा।रोशन एक भारतीय फिल्म निर्देशक हैं, जो मुख्य तौर पर मलयालम सिनेमा में काम करते हैं। उनका जन्म 6 जनवरी, 1975 को केरल में हुआ था। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत उदयनानु थारम से की थी। इस फिल्म में मोहनलाल और श्रीनिवासन मुख्य भूमिकाओं में थे। 2005 में आई इस फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ डेब्यू निर्देशक का पुरस्कार (केरल स्टेट फिल्म अवॉर्ड) मिला था। वह सैटरडे और सैल्यूट जैसी फिल्में निर्देशित कर चुके हैं।

शाहिद कई प्रोजेक्ट्स में नजर आने वाले हैं। राज निदिमोरु और कृष्णा डीके की वेब सीरीज में भी वह अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। इसका प्रसारण अमजेन प्राइम वीडियो पर होगा। इस सीरीज से वह अपना डिजिटल डेब्यू करने जा रहे हैं। इस प्रोजेक्ट को लेकर शाहिद के साथ–साथ दर्शकों को काफी उम्मीदें हैं। शाहिद की बुल उनकी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। उनकी यह फिल्म अगले साल अप्रैल में सिनेमाघरों में आने वाली है।शाहिद ने आखिरी बार कबीर सिंह नामक ब्लॉकबस्टर फिल्म दी थी। फिल्म 2019 में रिलीज हुई थी। जर्सी की असफलता ने जरूर शाहिद पर खुद को साबित करने का दवाब बढ़ा दिया होगा। अब देखना है कि उनकी आगामी फिल्में कैसा प्रदर्शन करती हैं।

## यामी गौतम अभिनीत लॉस्ट का इफ्फी में प्रीमियर




बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की आगामी फिल्म लॉस्ट का प्रीमियर एशियन प्रीमियर गाला के लिए भारत के प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में होगा। अनिरुद्ध रॉय चौधरी द्वारा अभिनीत, लॉस्ट एक मनोरंजक खोजी ड्रामा थ्रिलर है जो एक उच्च खोज, सहानुभूति और अखंडता के खोए हुए मूल्यों की खोज को दर्शाती है।निर्देशक अनिरुद्ध रॉय चौधरी ने साझा किया, मुझे खुशी है कि फिल्म को विभिन्न फिल्म समारोहों में इस तरह के जबरदस्त स्वागत के लिए खोला गया और मैं अब आईएफ-एफआई जैसे प्रतिष्ठित मंच पर फिल्म के भव्य प्रीमियर के लिए सम्मानित महसूस कर रही हूं।सच्ची घटनाओं से प्रेरित, लॉस्ट एक उत्साही युवा महिला क्राइम रिपोर्टर की कहानी है जो एक युवा थिएटर एक्टिविस्ट के अचानक गायब होने के पीछे की सच्चाई की अथक खोज में है। दिलचस्प नाटक में एक शक्तिशाली कलाकार है – यामी के साथ, फिल्म में पंकज कपूर, राहुल खन्ना और नील भूपालम, पिया वाजपेयी और तुषार पांडे सहित युवा प्रतिभाओं का एक समूह प्रमुख भूमिकाओं में होगा।जी स्टूडियोज के सीबीओ, शारिक पटेल ने कहा, लॉस्ट निश्चित रूप से एक अनूठी फिल्म है, एक थ्रिलर की आड़ में मानवता की कहानी है। हम त्योहार में इसके स्वागत और फिर भारत में इसकी नाटकीय रिलीज के लिए तत्पर हैं।कहानी श्यामल सेनगुप्ता और अनिरुद्ध रॉय चौधरी द्वारा लिखी गई है, पटकथा श्यामल सेनगुप्ता द्वारा लिखी गई है और संवाद रितेश शाह द्वारा लिखे गए हैं। फोटोग्राफी के निदेशक अविक मुखोपाध्याय हैं। संगीत शांतनु मोइत्रा द्वारा रचित है, और गीत स्वानंद किरकिरे द्वारा लिखे गए हैं।

## सुनील शेट्टी ने धारावी बैंक में थलाइवन की तरह दिखने के लिए प्रोस्थेटिक्स का किया उपयोग



अभिनेता सुनील शेट्टी आगामी श्रृंखला धारावी बैंक में भारत की सबसे बड़ी स्लम धारावी के एक शक्तिशाली, क्रूर और अप्राप्य किंगपिन – थलाइवन की भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे। इस 63 वर्षीय खलनायक के हिस्से को खूबसूरती से चित्रित करने और उनको 60 से अधिक उम्र का दिखाने के लिए कृत्रिम अंग का उपयोग करना पड़ा।

इस भूमिका के लिए अभिनेता की प्रतिबद्धता के बारे में बोलते हुए, निर्देशक समित कक्कड़ ने कहा, अन्ना सुबह 5 बजे रिपोर्ट करते हैं। उन्हें प्रोस्थेटिक्स के उपयोग के साथ बाल और मेकअप करने में चार घंटे लगते हैं।थलाइवन का चरित्र श्रृंखला में विभिन्न आयु समूहों में फैला हुआ है और इस प्रगति को प्रदर्शित करने के लिए, हमें अन्ना की उम्र खुद बनानी पड़ी क्योंकि वह इतने फिट हैं कि किसी को विश्वास नहीं होगा कि वह बिना प्रोस्थेटिक्स के 63 वर्षीय व्यक्ति की भूमिका निभा रहे हैं। वह 30,000 करोड़ रुपये के साम्राज्य का संचालन करते हैं और उनके चेहरे और मुद्रा में उनकी जिम्मेदारियों और उन अनुभवों को प्रतिबिंबित करना था जो उन्होंने मायावी और सफल रहने के लिए सहन किए हैं। इसलिए, मैं समझता हूं कि हमें प्रोस्थेटिक्स का उपयोग क्यों करना पड़ा और भले ही इसमें 4 घंटे लग गए। इस लुक को परफेक्ट बनाया, इसने मेरे चरित्र में बहुत प्रामाणिकता जोड़ी – निर्दयी थलाइवन।अपनी भूमिका पर, सुनील ने टिप्पणी की, जैसा कि मैं हमेशा कहता हूं, उम्र सिर्फ एक संख्या है और मैं केवल सही पोषण और व्यायाम के साथ एक स्वस्थ जीवन शैली जीने की आशा और काम कर सकता हूं।

## आरआरआर 2 पर चल रहा है काम, निर्देशक एसएस राजामौली ने की पुष्टि



ब्लॉकबस्टर फिल्म आरआरआर ने दुनियाभर में शानदार कमाई की थी। राम चरण और जूनियर एनटीआर की जोड़ी को दर्शकों ने पसंद किया था। अब फिल्ममेकर एसएस राजामौली ने इसके दूसरे भाग की पुष्टि कर दी है। आरआरआर 2 पर काम शुरू हो गया है और राजामौली के पिता केवी विजयेंद्र प्रसाद इसकी कहानी पर काम कर रहे हैं। राजामौली ने शिकागो में फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग के दौरान इस खबर की पुष्टि की है। राजामौली ने अपने बयान में फिल्म आरआरआर 2 को लेकर अहम जानकारी दी है। उन्होंने कहा, मेरे पिता (विजयेंद्र प्रसाद) मेरी सभी फिल्मों के लिए कहानीकार हैं। हमने फिल्म आरआरआर 2 को लेकर थोड़ी–बहुत चर्चा की है और वह इसकी कहानी पर काम कर रहे हैं। बता दें कि राजामौली और विजयेंद्र की जोड़ी हिट रही है। विजयेंद्र ने ही राजामौली की बाहुबली फ्रेंचाइजी की फिल्मों की कहानियां लिखी हैं। फिल्म में राम और एनटीआर भाई की भूमिका में दिखे हैं। इसमें 1920 के दशक की कहानी को फिल्माया गया है। फिल्म दो महान स्वतंत्रता सेनानियों अल्लूरी सीताराम राजू और कोमाराम भीम की कहानी पर आधारित है। इन्होंने अंग्रेजों और हैदराबाद के निजाम से आजादी की लड़ाई लड़ी थी। इसमें आलिया भट्ट और अजय देवगन का कैमियो भी शामिल है। 450 करोड़ रुपये से अधिक के बजट में बनी यह फिल्म 25 मार्च को रिलीज हुई थी। आरआरआर को भारत की ओर से आधिकारिक रूप से ऑस्कर के लिए ना भेजे जाने पर प्रशंसक मायूस थे। लोगों ने सोशल मीडिया पर फिल्म को ना चुने जाने के लिए फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया पर अपनी भड़ास निकाली थी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com